# हेपेटाइटिस संक्रमण


विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट में भारत में हेपेटाइटिस की चुनौतियों और खतरों का उल्लेख है। लिवर से जुड़ी यह बीमारी घातक भी साबित हो सकती है और बाद में कैंसर का रूप भी धारण कर सकती है। हेपेटाइटिस बी और सी को लेकर भारत में जागृति बहुत कम है, क्योंकि इनके लक्षण ही पेचीदा हैं। चूंकि यह भी वायरल संक्रमण की बीमारी है, लिहाजा डॉक्टर भी लक्षणों का अध्ययन करते समय गलत निष्कर्ष पर पहुंच जाते हैं। भारत में हेपेटाइटिस बी के करीब 3 करोड़ संक्रमित मरीज हैं, जबकि हेपेटाइटिस सी के 50 लाख से अधिक लोग बीमार हैं। लिवर की सूजन और संक्रमण के साथ इन बीमारियों का बोझ उठाने वाला भारत विश्व में ऐसा दूसरा देश है। वह दिन दूर नहीं, जब विश्व में सर्वाधिक हेपेटाइटिस संक्रमण भारत में होगा। भारत में ही 2022 में हेपेटाइटिस ने एक लाख से अधिक जिंदगियां छीन ली थीं। चिंताजनक पक्ष यह है कि बहुत कम संक्रमित लोगों के लक्षण स्पष्ट हो पाते हैं, लिहाजा वे निदान और इलाज के दायरे में नहीं आ पाते। हेपेटाइटिस सी के 30 फीसदी से कम मामलों की पहचान हो पाती है, लिहाजा लिवर का यह संक्रमण ज्यादा घातक, यहां तक कि जानलेवा, साबित हो सकता है। हेपेटाइटिस बी के आंकड़े मात्र 3 फीसदी ही बताए जाते हैं। नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम का लक्ष्य 2030 तक भारत को हेपेटाइटिस सी से मुक्त कराना है। हेपेटाइटिस बी से जुड़ी रुग्णता, मृत्यु-संख्या और मृत्यु-दर को भी 2030 तक ही काफी कम करना है। इसे लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार काफी आशान्वित हैं कि यदि 2024 और 2026 के बीच स्थितियों में सुधार लाया जाए, तो हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम पटरी पर लाया जा सकता है। नतीजतन लक्ष्य भी कमोबेश हासिल किए जा सकते हैं। कई बीमारियां प्रदूषित रक्त के जरिए फैलती हैं। हेपेटाइटिस की दोनों किस्में भी दूषित रक्त के जरिए विस्तार पाती हैं। हेपेटाइटिस बी लिवर के ऊतकों पर चोट करता है और कैंसर के जोखिम को बढ़ाता है। लक्षण और निदान पेचीदा हैं, लिहाजा वायरस कई सालों तक छिपा रह सकता है। वे दूसरों को प्रभावित करते हैं। लक्षण तब सामने आने लगते हैं, जब रोगाणु ज्यादा आक्रामक रुख अख्तियार कर लेते हैं। हालांकि हेपेटाइटिस की किस्मों का कोई इलाज नहीं है, लेकिन जो इलाज किया जाता है, उससे कुछ हद तक लक्षणों का बंदोबस्त किया जा सकता है। यानी इलाज से बीमारी कुछ सीमा तक काबू में की जा सकती है। हालांकि 2018 में नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम की शुरुआत की गई थी, जिसके तहत टेस्टिंग और दवाएं निःशुल्क हैं, लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन की यह रपट भी है कि प्रोग्राम ज्यादातर मरीजों के पास पहुंचा ही नहीं है। बीते 20 सालों में खून की जांच के प्रोटोकॉल बहुत सख्त किए गए हैं, लिहाजा रक्त के संक्रमण का जोखिम कम हुआ है। भारत में हेपेटाइटिस बी संक्रमण मामलों का अभी तक जो विश्लेषण किए गए हैं, उनमें संक्रमण मां से शिशु की ओर गया है। टीकाकरण से भी इस बीमारी और संक्रमण के विस्तार को रोका जा सकता है। भारत में टीकाकरण भी काफी अनियमित है और शिशु के जन्म लेने के तुरंत बाद जो टीकाकरण किया जाना चाहिए, उसके प्रति अशिक्षित और अज्ञानी जमात गंभीर नहीं है, लिहाजा शिशु की इम्युनिटी प्रभावित होती है। भारत में 50 फीसदी से कम शिशुओं को सभी आवश्यक टीके समयानुसार दिए जाते हैं। बहरहाल हेपेटाइटिस सी का इलाज अपेक्षाकृत आसान और संभव है। एंटी-वायरल बीमारी का इलाज कर सकते हैं और दीर्घकाल में लिवर को क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, भारत में हेपेटाइटिस का उपलब्ध इलाज दुनिया में सबसे सस्ता है। करीब 70 फीसदी मरीज निदान और इलाज नेटवर्क से दूर भागते रहते हैं और प्राथमिक चिकित्सा को दोष देते रहते हैं। चूंकि यह चेतावनी विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से आई है, लिहाजा सरकारों के स्तर पर इस संक्रमण को संबोधित किया जाना चाहिए। बेशक हेपेटाइटिस हो अथवा टीबी हो, इन संक्रामक बीमारियों को लेकर जरा-सी भी कोताही नहीं बरतनी चाहिए। कोरोना काल के दौरान जिस तरह सजगता के साथ काम किया गया, उसी पैटर्न पर काम करने की जरूरत है।

# लोकसभा चुनाव में एक नये अध्याय की शुरुआत हो

लोकसभा चुनाव में चुनावी मैदान सज गया है, सभी राजनीतिक दलों में एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला हमेशा की तरह परवान चढ़ने लगा है। राजनीति में स्वच्छता, नैतिकता एवं मूल्यों की स्थापना के तमाम दावों के अनैतिकता, दल-बदल, आरोप-प्रत्यारोप की हिंसक मानसिकता पसरी है। राजनेता दलबदल की ताल ठोक रहे हैं। दलबदलुओं को टिकट देने में कोई दल पीछे नहीं रहा, क्योंकि सवाल, येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीतने तक जो सीमित रह गया है। सिद्धांतों और राजनीतिक मूल्यों की परवाह कम ही लोगों को रह गई है। चुनावी राजनीति देश के माहौल में कड़वाहट घोलने का काम भी कर रही है। स्वस्थ एवं मूल्यपरक राजनीति को किनारे किया जा रहा है। राजनीति पूरी तरह से जातिवाद, बाहुबल और धनबल तक सिमट गई है। हालत यह है कि अब तक राजनीति दलों ने जिन प्रत्याशियों को उतारा है, उनमें आधे से अधिक दलबदलू, अपराधी अथवा दागी हैं। ऐसे में राजनीति के स्तर में सुधार की उम्मीद आखिर कौन, किससे करे? इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों की चुप्पी तो समझ में आती है, लेकिन चुनाव आयोग की खामोशी समझ से परे है।

लोकसभा चुनाव नेतृत्व चयन का ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण अवसर है, इस अवसर पर लाओत्जु ताओ ते चिंग की पुस्तक ''द ताओ ऑफ लीडरशिप'' राजनीति एवं राजनेताओं के लिये एक रोशनी है। यह एक अद्भुत, अद्वितीय एवं अप्रतिम कृति हैं जो नये युग के लिए नेतृत्व की रचनात्मक व्यूह रचना प्रस्तुत करती है। आज जबकि देश और दुनिया में सर्वत्र नेतृत्व के प्रश्न पर एक घना अंधेरा छाया हुआ है, निराशा और दायित्वहीनता की चरम पराकाष्ठा ने राजनीति एवं नेतृत्व को जटिल दौर में लाकर खड़ा कर दिया है। समाज और राष्ट्र के समुचे परिदृश्य पर जब हम दृष्टि डालते हैं तो हमें जिन विषम और जटिल परिस्थितियों से रू-ब-रू होना पड़ता है, उन विषम हालातों के बीच ठीक से राह दिखाने वाला कोई नेतृत्व नजर नहीं आता।

यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए कि लोकतंत्र धुंधलका सब देख रहे हैं, लेकिन खामोशी के साथ। शायद सबकी अपनी-अपनी मजबूरियां हैं। मतदाता की मजबूरी यह है कि आखिर उसे मैदान में डटे उम्मीदवारों में से ही एक को चुनना है। इस देश ने महंगाई, बेरोजगारी, महिला अपराध, गरीबी, साम्प्रदायिकता के खिलाफ भी जनता को सड़कों पर उतरते देखा है लेकिन राजनीति में टकराव, अपराध, देश-विरोध और हिंसा की राजनीति के खिलाफ कभी कोई आंदोलन नहीं हुआ। चुनाव आयोग की अपनी सीमाएं हो सकती हैं, लेकिन जेल में बैठे-बैठे लोग चुनाव लड़ भी लेते हैं और जीत भी जाते हैं। खलनायक नायक बनने लगे हैं। चुनाव लड़ने के लिए अधिकतम खर्च की सीमा सरेआम ध्वस्त होती है, लेकिन आयोग कुछ कर नहीं पाता। चुनाव प्रचार के दौरान अपशब्दों का उच्चारण-गालीगलोच खुल्लम-खुल्ला होता है, लेकिन आयोग नोटिस देकर ही अपने



**एक सफल, सार्थक, समर्थ एवं चरित्रसम्पन्न विपक्षी नेतृत्व की आवश्यकता हर दौर में रही है, लेकिन आज यह ज्यादा तीव्रता से महसूस की जा रही है। विपक्षी नेतृत्व कैसा हो, उसका अपना साथियों के साथ-साथ सत्तापक्ष के साथ कैसा सलूक हो?**

दायित्व से मुक्त हो जाता है। मतदाताओं के वोट खरीदने के लिए उन्हें सरेआम पैसे ही नहीं शराब तक बांटी जाती है, लेकिन किसी उम्मीदवार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। जनता राजनीति के गिरते स्तर से त्रस्त तो है, लेकिन उसके खिलाफ आवाज नहीं उठाती। इन लोकसभा चुनाव में यह चुप्पी टूटनी चाहिए और आजादी के अमृतकाल को अमृममय बनाने वाला नेतृत्व सामने आना चाहिए। ऐसा नेतृत्व जो देश को अग्रणी आर्थिक महाशक्ति के रूप में ले जाये एवं विकास की स्वर्णिम गाथा को गढ़े।

एक सफल, सार्थक, समर्थ एवं चरित्र सम्पन्न विपक्षी नेतृत्व की आवश्यकता हर दौर में रही है, लेकिन आज यह ज्यादा तीव्रता से महसूस की जा रही है। विपक्षी नेतृत्व कैसा हो, उसका अपना साथियों के साथ-साथ सत्तापक्ष के साथ कैसा सलूक हो? उसमें क्या हो, क्या न हो? वह क्या करे, क्यों करे, कब करे, कैसे करे? इत्यादि कुछ जटिल एवं गंभीर प्रश्न हैं जिनके जवाब ढूंढ़े बिना हम एक सक्षम विपक्षी नेतृत्व को उजागर नहीं कर सकते। इन प्रश्नों के उत्तरों की कसौटी पर ही हमें आने वाले सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के नेतृत्व को कसना होगा। जिस नेतृत्व के पास इन प्रश्नों के उत्तर होंगे, जो समयज्ञ होगा, सहिष्णु होगा, तटस्थ होगा, दूरदर्शी होगा, निःस्वार्थी होगा, वैसा ही नेतृत्व जिस राष्ट्र को प्राप्त होगा, उसकी प्रगति को संसार की कोई शक्ति बाधित नहीं कर सकेगी। ऐसा ही नेतृत्व नया इतिहास बना सकेगा और भावी पीढ़ी को उन्नत दिशाओं की ओर अग्रसर कर सकेगा।

आज चुनाव प्रचार में जिस तरह की आरोप-प्रत्यारोप की हिंसक संस्कृति पनपी है, एक दूसरे पर जूते-चप्पल फेंके जाते है, पत्थर से हमला किया जाता है, छोटी-छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी और हंगामा आदि घटनाएं ऐसी है जो नेतृत्व को धुंधलाती है।

नेतृत्व को लेकर लोगों की मानसिकता में बहुत बदलाव आया है, आज योग्य नेतृत्व की प्यासी परिस्थितियां तो हैं, लेकिन बदकिस्मती से अपेक्षित नेतृत्व नहीं हैं। जलाशय है, जल नहीं है। नगर है, नागरिक नहीं है। भूख है, रोटी नहीं है-ऐसे में हमें सोचना होगा कि क्या नेतृत्व की इस अप्रत्याशित रिक्तता को भरा जा सकता है? क्या राष्ट्र के सामने आज जो भयावह एवं विकट संकट और दुविधा है उससे छुटकारा मिल सकता है? हालही में नेतृत्व के प्रश्न पर एक करारा व्यंग्य पढ़ा था-'देश और ट्रेन में यही अंतर है कि ट्रेन को लापरवाही से नहीं चलाया जा सकता।' यानी देश के संचालन में की गई लापरवाही तो क्षम्य हैं पर ट्रेन के पटरी से उतरने में की गई लापरवाही क्षम्य नहीं, क्योंकि इसके साथ आदमी की जिंदगी का सवाल जुड़ा है। मगर हम यह न भूलें कि देश का नेतृत्व अपने सिद्धांतों और आदर्शों की पटरी से जिस दिन उतर गया तो पूरी इन्सानियत एवं राष्ट्रीयता की बरबादी का सवाल उठ खड़ा होगा।

आज देश में लोकतांत्रिक, सांस्कृतिक, नैतिक जीवन-मूल्यों के मानक बदल गये हैं न्याय, कानून और व्यवस्था के उद्देश्य अब नई व्याख्या देने लगे हैं। चरित्र हासिए पर आ गया, सत्ता केन्द्र में आ खड़ी हुई। ऐसे समय में कुर्सी पाने की दौड़ में लोग जिम्मेदारियां नहीं बांटते, चरित्र बांटने लगते हैं और जिस देश का चरित्र बिकाऊ हो जाता है उसकी आत्मा को फिर कैसे जिन्दा रखा जाए, चिन्तनीय प्रश्न उठा खड़ा हुआ है। आज कौन अपने दायित्व के प्रति जिम्मेदार है? कौन नीतियों के प्रति ईमानदार है? इस संदर्भ में आचार्य तुलसी का कथन यथार्थ का उद्घाटन करता है कि ''ऐसा लगता है कि राजनीतिज्ञ का अर्थ देश में सुव्यवस्था बनाए रखना नहीं, अपनी सत्ता और कुर्सी बनाए रखना है। राजनीतिज्ञ का अर्थ उस नीतिनिपुण व्यक्तित्व से नहीं, जो हर कीमत पर राष्ट्र की प्रगति, विकास-विस्तार और समृद्धि को सर्वोपरि महत्व दें, किन्तु उस विदूषक-विशारद व्यक्तित्व से है, जो राष्ट्र के विकास और समृद्धि को अवनति के गर्त में फेंककर भी अपनी कुर्सी को सर्वोपरि महत्व देता है।'' राजनैतिक लोगों से महात्मा बनने की उम्मीद तो नहीं की जा सकती, पर वे पशुता पर उतर आएं, यह ठीक नहीं है।

वर्तमान विपक्षी नेतृत्व की सबसे बड़ी विसंगति और विषमता यह है कि वह परदोषदर्शी है, जो सत्तापक्ष की अच्छाई में भी बुराई देखने वाले हैं। यह नेतृत्व कुटिल है, मायाबी है, नेता नहीं, अभिनेता है, असली पात्र नहीं, विदूषक की भूमिका निभाने वाला है। यह नेतृत्व सत्ता- प्राप्ति के लिये कुछ भी करने से बाज नहीं आता, यहां तक जिस जनता के कंधों पर बैठकर सत्ता तक पहुंचने के लिये जैसी राजनीति यह कर रहा है, घोषणा-पत्रों में जनता को ठगने एवं लुभाने के जो प्रयास हो रहे हैं, वे एक तरह से जनता की पीठ में भी सबसे पहले छुरा भोंकते हुए प्रतीत होते हैं। इससे भी अधिक घातक है इस नेतृत्व का असंयमी, अपराधी और चरित्रहीन होना, जो सत्ता पर काबिज होने के लिये राष्ट्र से भी अधिक महत्व अपने परिवार को देता है। देश से भी अधिक महत्व अपनी जाति और सम्प्रदाय को देता है। चुनाव जीतना जिनके लिये सेवा का साधन नहीं, विलास का साधन है। नेतृत्व का चेहरा साफ-सुथरा बने, इसके लिये अपेक्षित है कि इस क्षेत्र में आने वाले व्यक्तियों के चरित्र का परीक्षण हो। आई-क्यू टेस्ट की तरह करेक्टर टेस्ट की कोई नई प्रविधि प्रयोग में लाई जाये तो यह लोकसभा चुनाव का संग्राम अधिक सार्थक होगा।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

# विपक्षी गठबंधन और कांग्रेस की प्रासंगिकता

भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए विपक्षी पार्टियों में जो सर्वाधिक व्याकुल प्राणी थे, उनमें से चार शिखर पर थे। नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, सोनिया गांधी और कम्युनिस्ट। प्रश्न पूछा जा सकता है कि मैंने अन्य दलों का नाम न लिख कर, उन दलों के प्रमुख व्यक्ति का नाम लिखा है, लेकिन कम्युनिस्टों के मामले में व्यक्ति का नाम न लिख कर केवल कम्युनिस्ट शब्द का प्रयोग क्यों किया है। उसका कारण है। हमारे भारत में कम्युनिस्ट सदा किसी शरीर की तलाश में रहते हैं। जब कम्युनिस्ट अपने शरीर में प्रकट होते हैं तो भारत के लोग उन्हें तुरंत पहचान लेते हैं और नकार देते हैं। इसलिए वे निरंतर किसी दूसरे शरीर, जिंदा या मुर्दा, की तलाश में रहते हैं और अपनी सुविधानुसार उसे पा भी लेते हैं। उनकी ऐसी पृष्ठभूमि में उनके किसी शीर्ष पुरुष का नाम पहचान पाना या तलाश करना बहुत मुश्किल है। उनके शीर्ष पुरुष आपस में इतने मिलेजुले हैं कि किसी को पहचान पाना ही मुश्किल है। इसलिए मैंने किसी व्यक्ति विशेष का नाम न लिख कर नंगा चिट्टा कम्युनिस्ट शब्द का प्रयोग ही किया है। अब आगे बढ़ा जाए। लेकिन हमारे आगे बढने से पहले ही नीतीश कुमार इंडी मोहल्ला छोड़ कर वापस अपने घर लौट गए हैं। ममता बनर्जी हैं अभी भी इंडी मोहल्ला में ही, लेकिन उस मोहल्ला के बाकी लोगों से उन्होंने बोलचाल बंद कर दी है।

उनकी पार्टी ने पश्चिम बंगाल की सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े कर दिए हैं। लेकिन वैसे वे बराबर कह रही हैं कि वे इंडी के साथ मजबूती से खड़ी हैं और बंगाल को छोड़ कर बाकी सभी जगह उसका समर्थन कर रही हैं। लेकिन सोनिया गांधी इतना तो जानती हैं कि उनकी पार्टी को यदि ममता बनर्जी की जरूरत थी तो केवल बंगाल में थी। शेष भारत में, सोनिया गांधी तो क्या, ममता बनर्जी खुद भी जानती हैं कि उनकी हैसियत ही नहीं है। एक दूसरी पार्टी है जो इंडी गठबंधन में सर्वत्र विद्यमान है, लेकिन दिखाई नहीं देती। यह पार्टी अब भारत में 'अशरीरी' हो गई है। उसका नाम मुस्लिम लीग है। यह कांग्रेस के पैदा होने के कुछ साल बाद 1905 में पैदा हुई थी। कहा जाता है कि अंग्रेजों ने इस पार्टी को पैदा करने के लिए ही बंगाल का विभाजन किया था। मुस्लिम लीग को पैदा करने के बाद बंगाल विभाजन को भी खत्म कर दिया था। 1916 में कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने अंग्रेजों से भारत के मुसलमानों के लिए अलग निर्वाचन मंडल की मांग की थी। बाद में संबंध बनते बिगड़ते गए, लेकिन कांग्रेस ने 1947 में अपनी कार्यसमिति की अंतिम बैठक में मुस्लिम लीग की भारत विभाजन की मांग का समर्थन करने के लिए 'भारत विभाजन' का प्रस्ताव पारित किया था। भारत विभाजन के बाद जब बचे-खुचे भारत में मुस्लिम लीग के लिए रहना मुश्किल हो गया, तो उसने अपनी शक्ल में प्लास्टिक सर्जरी करवा कर रूप बदल लिया था। उससे चेहरा तो बदल गया था, लेकिन भारत के लोग उनकी आवाज अच्छी तरह पहचानते ही हैं।

इसलिए वे बराबर चिल्ला रहे हैं। यह बदल रहे चेहरे से घूम रही वही मुस्लिम लीग है जिसने भारत का विभाजन करवाया था। लेकिन सोनिया जी का कहना है कि यह पुराने वाली मुस्लिम लीग नहीं है।




**वायनाड ने सब गड़बड़ कर दिया। कम्युनिस्टों ने राहुल गांधी से पूछा कि आप तो पिछले दस साल से चिल्ला रहे हो कि आप की लड़ाई भाजपा वालों से है, लेकिन आप केरल में तो हमसे ही लड़ रहे हो। हम दिल्ली में आप के साथ एक मंच पर बैठ कर लम्बे-लम्बे भाषण देते हैं। मिल कर भाजपा के साथ लडने़ की हुंकार लगाते हैं, लेकिन उस सबके बावजूद आप केरल में हमसे ही लड़ रहे हैं।**

यह नई ताजा मुस्लिम लीग है जिसका पुरानी मुस्लिम लीग से कोई ताल्लुक नहीं है। पता चला है कि कुछ पुराने कांग्रेसियों ने कान में बताया भी कि मैडम, आपको पुरानी वाली का पता नहीं है, क्योंकि आपकी पृष्ठभूमि इटली की है। यह मुस्लिम लीग शत प्रतिशत पुराने वाली मुस्लिम लीग ही है। लेकिन सोनिया गांधी नहीं मानी। वह उसी को सच मानती हैं जो राहुल-प्रियंका-राबर्ट वाड्रा बताते हैं। अब यह नई वाली मुस्लिम इंडी का हिस्सा है। उसका परिणाम भी सामने आने लगा है। सोनिया जी की पार्टी ने अपना जो चुनाव घोषणा पत्र जारी किया है, यदि उसको ध्यान से पढ़ा जाए, जिससे अंग्रेजी वाले 'टू रीड बिटवीन दी लाईन्ज' कहते हैं, तो वह काफी हद तक 1947 से पहले का मुस्लिम लीग के चुनाव घोषणा पत्र का नया संस्करण लग रहा है। अब तवलीन सिंह का कहना है कि आधा हिस्सा कम्युनिस्ट पार्टी का ही है। सोनिया गांधी जी की एक दूसरी समस्या भी है। वह मुस्लिम लीग का समर्थन तो लेना चाहती हैं, लेकिन यह नहीं चाहती कि लोग इसको जान लें। वैसे पूछा जा सकता है कि 'गुड़ तो खाएं, लेकिन गुलगुलों से परहेज' की इस नीति का कारण क्या है। जब अपने चुनाव घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र समेट लिया, अयोध्या में राम मंदिर में आने के निमंत्रण को सार्वजनिक रूप से ठुकरा दिया और मुस्लिम लीग को मंच पर भी बिठा लिया तो अब बचा क्या है? फिर यह हिचकिचाहट कैसी? यह संकट केरल के वायनाड में आया। राहुल गांधी अब उत्तर प्रदेश को छोड़ कर केरल चले गए हैं। केरल में भी मुस्लिम बहुल क्षेत्र वायनाड को उन्होंने अपने लिए चुना है। सारे देश में उन्हें लोकसभा में जाने के लिए अपनी पार्टी की विचारधारा और उसके अनुरूप मित्रों के कारण वायनाड ही सुरक्षित लगता है। यह पांच साल पहले ही स्पष्ट हो गया था जब राहुल गांधी को उत्तर प्रदेश की जनता ने अमेठी में ठुकरा दिया था और वायनाड ने उन्हें संकट के उस काल में सुरक्षा चक्र प्रदान किया था। तब बहुत से राजनीतिक विश्लेषक मानने लगे थे कि राहुल गांधी अब पांच साल मेहनत करके उत्तर प्रदेश के लोगों का विश्वास जीतेंगे।

लेकिन शायद सोनिया परिवार ने यह लंबा रास्ता अख्तियार करने की बजाय वायनाड का सुरक्षा चक्र लेना ही उचित समझा। लेकिन इस बार एक झंझट हो गया। राहुल गांधी दिल्ली से वायनाड तक की लंबी दूरी तय करके लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने वायनाड पहुंचे, तो स्वाभाविक ही मन में आया होगा कि शक्ति प्रदर्शन के लिए रोड शो भी कर लिया जाए। कांग्रेस पार्टी के झंडे बड़ी संख्या में तैयार कर लिए गए। स्वाभाविक है जो मुस्लिम लीग उनको सुरक्षा चक्र प्रदान करती है, उन्होंने शर्त लगा दी कि रोड शो में उनके झंडे भी बराबर लगेंगे। यह राहुल गांधी को स्वीकार नहीं था।

यदि रोड शो हुआ तो मुस्लिम लीग के झंडों के साथ ही। तब कांग्रेस ने इटली के मैकियावली को याद किया होगा। मध्य मार्ग। झंडा न कांग्रेस का लगेगा और न ही मुस्लिम लीग का। देश में शायद कांग्रेस का पहला रोड शो था जिसमें कांग्रेस के झंडों को ही मुस्लिम लीग को प्रसन्न करने के लिए, कांग्रेस के लिए ही हानिकारक मान लिया गया। लेकिन कांग्रेस की समस्याओं का हल केवल मुस्लिम लीग को प्रसन्न कर ही तो होने वाला नहीं लगता। मुस्लिम लीग खुश हुई, तो कम्युनिस्ट बोले।

**-कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि परंतु जो वैराग्यवान और धीरबुद्धि पुरुष हैं वही स्त्री को त्याग सकते हैं, न कि वे कामी पुरुष, जो विषयों के वश में हैं ( उनके गुलाम हैं ) और श्री रघुवीर के चरणों से विमुख हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सोउ मुनि ग्याननिधान मृगनयनी बिधु मुख निरखि।**
**बिबस होइ हरिजान नारि बिष्नु माया प्रगट॥**

वे ज्ञान के भण्डार मुनि भी मृगनयनी (युवती स्त्री) के चंद्रमुख को देखकर विवश (उसके अधीन) हो जाते हैं। हे गरुड़जी! साक्षात भगवान विष्णु की माया ही स्त्री रूप से प्रकट है॥

**इहाँ न पच्छपात कछु राखउँ। बेद पुरान संत मत भाषउँ॥**
**मोह न नारि नारि कें रूपा। पन्नगारि यह रीति अनूपा॥**

यहाँ मैं कुछ पक्षपात नहीं रखता। वेद, पुराण और संतों का मत (सिद्धांत) ही कहता हूँ। हे गरुड़जी! यह अनुपम (विलक्षण) रीति है कि एक स्त्री के रूप पर दूसरी स्त्री मोहित नहीं होती॥

**माया भगति सुनहु तुम्ह दोऊ। नारि बर्ग जानइ सब कोऊ॥**
**पुनि रघुबीरहि भगति पिआरी। माया खलु नर्तकी बिचारी॥**

आप सुनिए, माया और भक्ति- ये दोनों ही स्त्री वर्ग की हैं, यह सब कोई जानते हैं। फिर श्री रघुवीर को भक्ति प्यारी है। माया बेचारी तो निश्चय ही नाचने वाली (नटिनी मात्र) है॥

**भगतिहि सानुकूल रघुराया। ताते तेहि डरपति अति माया॥**
**राम भगति निरुपम निरुपाधी। बसइ जासु उर सदा अबाधी॥**

श्री रघुनाथजी भक्ति के विशेष अनुकूल रहते हैं। इसी से माया उससे अत्यंत डरती रहती है। जिसके हृदय में उपमारहित और उपाधिरहित (विशुद्ध) रामभक्ति सदा बिना किसी बाधा (रोक-टोक) के बसती है,॥


**तेहि बिलोकि माया सकुचाई। करि न सकइ कछु निज प्रभुताई॥**
**अस बिचारि जे मुनि बिग्यानी। जाचहिं भगति सकल सुख खानी॥**


उसे देखकर माया सकुचा जाती है। उस पर वह अपनी प्रभुता कुछ भी नहीं कर (चला) सकती। ऐसा विचार कर ही जो विज्ञानी मुनि हैं, वे भी सब सुखों की खानि भक्ति की ही याचना करते हैं॥


(क्रमशः....)


# राशिफल

चैत्र कृष्ण पक्ष : पंचमी | ( विक्रम संवत् 2081 )



**मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**
शुभता के प्रतीक बने रहेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान की स्थिति बहुत अच्छी होगी। व्यापार बहुत अच्छा होगा।



**वृष- ( ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो )**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। यद्यपि की शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। लेकिन खर्च की स्थिति कर्ज की स्थिति ला सकती है।



**मिथुन- ( का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा )**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगा। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे।



**कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा )**
व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पिता का साथ होगा। स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। प्रेम-संतान बहुत अच्छा है।



**सिंह- ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे )**
भाग्य साथ देगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा का संयोग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे।



**कन्या- ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )**
कन्या राशि वालों को चोट-चपेट लग सकता है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। बचकर पार करें।


**तुला- ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त )**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति सुदृढ़ होगी।


**वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू )**
शत्रु भी मित्र बनने की कोशिश करेंगे। आपके सामने नरमस्तक होंगे। स्वास्थ्य पहले से बेहतर, प्रेम-संतान बहुत अच्छा और व्यापार भी बहुत अच्छा है।


**धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे )**
स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम-संतान बहुत अच्छा है और व्यापार बहुत अच्छा है। लाल वस्तु पास रखें।


**मकर- ( भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी )**
घरेलू सुख बढ़-चढ़कर बढ़ेगा। घर में कुछ उत्सव संभव है। मां के स्वास्थ्य में सुधार होगा। भूमि और वाहन की खरीदारी होगी।


**कुम्भ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द )**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोई नए कार्य की शुरुआत हो सकती है। अपनों का साथ होगा।


**मीन- ( दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि )**
स्वास्थ्य में बहुत सुधार होने की गुंजाइश है। प्रेम-संतान बहुत अच्छा,व्यापार बहुत अच्छा, धन का आगमन दिख रहा है

# शिक्षक संघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी मनीष वर्मा से मुलाकात कर भीषण गर्मी को देखते हुए परिषदीय विद्यालय में समय परिवर्तन करने हेतु मांग पत्र सौंपा। डीएम ने तत्काल बीएसए को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

प्रतिनिधिमंडल में मेरठ मंडल के अध्यक्ष मेघराज भाटी, जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, जिला मंत्री गजन भाटी, जिला संरक्षक अशोक शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष हेमराज शर्मा आदि उपस्थित रहे।




भारतीय किसान यूनियन ( बलराज ) संगठन के बैनर तले अनिश्चित कालीन धरना सेक्टर-142 नोएडा शहदरा गांव में आज 60वें दिन भी धरना जारी रहा।




तुस्याना गांव में अवैध अतिक्रमण हटवाते ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जीएम मनोज कुमार एवं अन्य कर्मचारी। फोटो : चेतना मंच

# शाह की जनसभा को लेकर भाजपा की हुई बैठक

**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** भाजपा ज़िला कार्यालय तिलपता पर एक बैठक हुई जिसमें आज गृहमंत्री अमित शाह एक विशाल जनसभा को संबोधित करने नोएडा आ रहे है। उसकी समीक्षा बैठक की गई। जिसमें मुख्यअतिथि जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने की बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा ने किया।

इस अवसर पर मुख्यरूप से जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज मनोज गर्ग धर्मेन्द्र कोरी योगेश चौधरी मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य पवन नागर रवि जिन्दल पवन रावल सुनील भाटी सतेंद्र नागर राहुल पंडित सत्यपाल शर्मा गुरुदेव भाटी रिंकु भाटी अमित शर्मा इन्द्र नागर सुनील शर्मा सतीश भाटी अर्पित तिवारी मनोज भाटी पंकज रावल राज नागर रजनी तोमर महेश शर्मा राजीव सिंघल संजय भाटी विचित्र तोमर दिनेश भाटी महेन्द्र नागर आदि कार्यकर्ताओं ने बैठकों में भाग लिया।

# श्रीराम महायज्ञ से राममय होगा नोएडा, 18 अप्रैल को है आयोजन

**नोएडा( चेतना मंच )।** नोएडा शहर जल्द ही राममय होने वाला है। नोएडा में 18 अप्रैल को भगवान श्रीराम का महायज्ञ तथा विशेष रामकथा का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों को उम्मीद है कि इस आयोजन से पूरे नोएडा क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होगा। साथ ही नोएडा का पूरा क्षेत्र भगवान श्रीराम की भक्ति के रस से सराबोर हो जाएगा।

आपको बता दें कि इसी महीने 18 अप्रैल को नोएडा शहर के सलारपुर में स्थित शिव मंदिर में श्रीराम महायज्ञ तथा विशेष रामकथा का आयोजन होगा। सलारपुर का यह शिव मंदिर नोएडा शहर के सेक्टर-81 में मेट्रो स्टेशन के पास स्थित है। इस आयोजन में नोएडा क्षेत्र के साथ ही साथ संपूर्ण भारत वर्ष से संत समागम के लिए जगद्गुरु महामंडलेश्वर द्वाराचार्य पीठाधीश्वर महंत आदि सैकड़ो धर्मगुरु पहुंच रहे हैं। मुख्य अजमान श्री सुभाष भाटी ने बताया 21 कुण्डीय यज्ञ स्थल तैयार हो चुका है एक भव्य आयोजन की तैयारी को लेकर ग्राम वासियो सहित सभी क्षेत्रवासी इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं श्री राम महायज्ञ आयोजन समिति के महासचिव श्री अशोक भाटी ने बताया इस प्रकार का आयोजन क्षेत्र में पहली बार हो रहा है जिसको लेकर सभी ग्राम वासियो में उत्साह का माहौल है 18 अप्रैल हजारों मातृशक्ति के साथ भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ऊंट घोड़े, ढोल नगाड़े सहित मनमोहक झांकियां रहेगी संरक्षक श्री जलकेश बाबूजी ने खबर के माध्यम से क्षेत्रवासियों से अपील की है इस आयोजन में यजमान रूप में सेवादार रूप में या अन्य किसी भी रूप में उपस्थित होकर आप सभी इस ऐतिहासिक आयोजन का लाभ ले श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर ओमकार दास जी महाराज श्रीमाधोपुर राजस्थान के सानिध्य में यह कार्यक्रम किया जा रहा है।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएँ भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | फेरे | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:40 | बुधवार, रविवार | 28.04.2024 से 30.06.2024 | 19 | 3 टियर वाता (इकोनॉमी) एवं शयनयान |
| 04076 | श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | वीरवार, सोमवार | 29.04.2024 से 01.07.2024 | 19 | |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी | 09:45 | सोम, वीर, शनि | 27.04.2024 से 29.06.2024 | 28 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04079 | वाराणसी | 18:20 | दिल्ली जं. | 08:50 | मंगल, शुक्र, रवि | 28.04.2024 से 30.06.2024 | 28 | |
| 04624 | श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा | 23:45 | वाराणसी | 23:55 | रविवार | 21.04.2024 से 30.06.2024 | 11 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, 3 टियर वाता (इकोनॉमी) शयनयान एवं सामान्य |
| 04623 | वाराणसी | 05:30 | श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:25 | मंगलवार | 23.04.2024 से 02.07.2024 | 11 | |
| 04530 | बठिण्डा | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | सोमवार, शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 19 | 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04529 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा | 17:00 | मंगलवार, शनिवार | 27.04.2024 से 29.06.2024 | 19 | |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | 20.04.2024 से 30.06.2024 | 72 | सामान्य |
| 04554 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर | 22:30 | प्रतिदिन | 20.04.2024 से 30.06.2024 | 72 | |
| 04518 | चण्डीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | वीरवार | 25.04.2024 से 27.06.2024 | 10 | प्रथम वाता, 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चण्डीगढ़ | 14:10 | शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 10 | |
| 04068 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | मंगलवार, शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 19 | 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04067 | दरभंगा | 18:00 | दिल्ली जं. | 16:40 | बुधवार, शनिवार | 27.04.2024 से 29.06.2024 | 19 | |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:50 | बरौनी जं. | 06:30 | रविवार | 28.04.2024 से 30.06.2024 | 10 | 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04061 | बरौनी जं. | 08:00 | दिल्ली जं. | 07:35 | सोमवार | 29.04.2024 से 01.07.2024 | 10 | |
| 04028 | आनंद विहार टं. | 11:10 | सहरसा जं. | 11:20 | सोमवार | 29.04.2024 से 24.06.2024 | 09 | 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04027 | सहरसा जं. | 09:30 | आनंद विहार टं. | 13:55 | बुधवार | 01.05.2024 से 26.06.2024 | 09 | |
| 04060 | आनंद विहार टं. | 10:30 | जयनगर | 15:15 | मंगलवार, शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 19 | 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टं. | 19:55 | बुधवार, शनिवार | 27.04.2024 से 29.06.2024 | 19 | |
| 04010 | आनंद विहार टं. | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | मंगलवार | 30.04.2024 से 25.06.2024 | 09 | शयनयान एवं सामान्य |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टं. | 16:05 | वीरवार | 02.05.2024 से 27.06.2024 | 09 | |
| 04004 | नई दिल्ली | 00:10 | सीतामढ़ी | 22:00 | मंगलवार, शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 19 | शयनयान एवं सामान्य |
| 04003 | सीतामढ़ी | 23:30 | नई दिल्ली | 01:30 | मंगलवार, शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 19 | |
| 04656 | जम्मू तवी | 05:20 | उदयपुर | 07:30 | वीरवार | 25.04.2024 से 27.06.2024 | 10 | 3 टियर वाता एवं वाता कुर्सीयान |
| 04655 | उदयपुर | 13:45 | जम्मू तवी | 15:10 | शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 10 | |
| 04058 | आनंद विहार टं. | 23:15 | मुज़फ्फरपुर | 21:15 | सोमवार, वीरवार | 29.04.2024 से 27.06.2024 | 18 | शयनयान एवं सामान्य |
| 04057 | मुज़फ्फरपुर | 23:00 | आनंद विहार टं. | 23:30 | मंगलवार, शुक्रवार | 30.04.2024 से 28.06.2024 | 18 | |
| 04310 | देहरादून | 11:00 | गोरखपुर | 01:30 | मंगलवार | 23.04.2024 से 25.06.2024 | 10 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04309 | गोरखपुर | 14:55 | देहरादून | 08:30 | बुधवार | 24.04.2024 से 26.06.2024 | 10 | |
| 04312 | देहरादून | 11:00 | हावड़ा | 15:15 | वीरवार | 25.04.2024 से 27.06.2024 | 10 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04311 | हावड़ा | 18:00 | देहरादून | 01:30 | शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 10 | |
| 04314 | देहरादून | 11:00 | मुज़फ्फरपुर | 07:00 | शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 10 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर | 09:00 | देहरादून | 08:30 | शनिवार | 27.04.2024 से 29.06.2024 | 10 | |
| 04680 | श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 10 | 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04679 | गुवाहाटी | 23:20 | श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा | 20:45 | सोमवार | 29.04.2024 से 01.07.2024 | 10 | |
| 04682 | जम्मू तवी | 23:20 | कोलकाता | 13:00 | मंगलवार | 23.04.2024 से 25.06.2024 | 10 | 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04681 | कोलकाता | 23:45 | जम्मू तवी | 12:30 | वीरवार | 25.04.2024 से 27.06.2024 | 10 | |
| 05005 | गोरखपुर जं. | 14:40 | अमृतसर | 09:30 | बुधवार | 24.04.2024 से 26.06.2024 | 10 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | गोरखपुर जं. | 08:50 | वीरवार | 25.04.2024 से 27.06.2024 | 10 | |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर | 09:30 | शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 10 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 05050 | अमृतसर | 12:45 | छपरा | 14:00 | शनिवार | 27.04.2024 से 29.06.2024 | 10 | |
| 05097 | टनकपुर | 18:25 | दौराई | 13:40 | सोम, बुध, शुक्र | 22.04.2024 से 28.06.2024 | 30 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 05098 | दौराई | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | मंगल, वीर, शनि | 23.04.2024 से 29.06.2024 | 30 | |
| 05053 | गोरखपुर जं. | 09:30 | बान्द्रा टर्मिनस | 18:00 | शुक्रवार | 19.04.2024 से 28.06.2024 | 11 | सामान्य |
| 05054 | बान्द्रा टर्मिनस | 21:15 | गोरखपुर जं. | 06:25 | शनिवार | 20.04.2024 से 29.06.2024 | 11 | |
| 05045 | लालकुंआ | 13:10 | राजकोट | 18:10 | रविवार | 21.04.2024 से 30.06.2024 | 11 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता शयनयान एवं सामान्य |
| 05046 | राजकोट | 22:30 | लालकुंआ | 04:05 | सोमवार | 22.04.2024 से 01.07.2024 | 11 | |
| 05303 | गोरखपुर जं. | 08:30 | महबूब नगर | 19:30 | शनिवार | 20.04.2024 से 29.06.2024 | 11 | 3 टियर वाता (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 05304 | महबूब नगर | 18:00 | गोरखपुर जं. | 09:00 | सोमवार | 22.04.2024 से 01.07.2024 | 11 | |

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | फेरे | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 05636 | गुवाहाटी | 18:15 | श्री गंगानगर | 03:30 | बुधवार | 01.05.2024 से 26.06.2024 | 09 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, एवं शयनयान |
| 05635 | श्री गंगानगर | 12:30 | गुवाहाटी | 00:25 | रविवार | 05.0520.24 से 30.06.2024 | 09 | |
| 06071 | एरणाकुलम जं. | 19:22 | नई दिल्ली | 19:00 | शुक्रवार | 19.04.2024 से 31.05.2024 | 07 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 06072 | नई दिल्ली | 05:10 | एरणाकुलम जं. | 03:10 | सोमवार | 22.04.2024 से 03.06.2024 | 07 | |
| 02191 | जबलपुर | 18:55 | हरिद्वार | 13:20 | बुधवार | 17.04.2024 से 31.07.2024 | 16 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, एवं शयनयान |
| 02192 | हरिद्वार | 16:20 | जबलपुर | 11:15 | वीरवार | 18.04.2024 से 01.08.2024 | 16 | |
| 09097 | बांद्रा टर्मिनस | 21:50 | श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:00 | रविवार | 21.04.2024 से 30.06.2024 | 11 | 3 टियर वाता. एवं वाता. कुर्सीयान |
| 09098 | श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:40 | बांद्रा टर्मिनस | 10:10 | मंगलवार | 23.04.2024 से 02.07.2024 | 11 | |
| 09525 | हापा | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | बुधवार | 17.04.2024 से 26.06.2024 | 11 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | हापा | 00:30 | शनिवार | 20.04.2024 से 29.06.2024 | 11 | |
| 09183 | मुम्बई सेंट्रल | 22:50 | बनारस | 10:30 | बुधवार | 17.04.2024 से 26.06.2024 | 11 | प्रथम वाता, 2 टियर वाता, 3 टियर वाता एवं 3 टियर वाता (इकोनॉमी) |
| 09184 | बनारस | 14:30 | मुम्बई सेंट्रल | 04:20 | शुक्रवार | 19.04.2024 से 28.06.2024 | 11 | |
| 09111 | बड़ोदरा | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | सोमवार | 15.04.2024 से 24.06.2024 | 11 | प्रथम वाता, 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 09112 | गोरखपुर | 05:00 | बड़ोदरा | 08:35 | बुधवार | 17.04.2024 से 26.06.2024 | 11 | |
| 09195 | बड़ोदरा | 19:00 | मऊ | 20:45 | शनिवार | 20.04.2024 से 29.06.2024 | 11 | प्रथम वाता, 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 09196 | मऊ | 23:15 | बड़ोदरा | 00:45 | रविवार | 21.04.2024 से 30.06.2024 | 11 | |
| 09417 | अहमदाबाद | 09:10 | दानापुर | 20:30 | सोमवार | 15.04.2024 से 24.06.2024 | 11 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 09418 | दानापुर | 23:50 | अहमदाबाद | 11:10 | मंगलवार | 16.04.2024 से 25.06.2024 | 11 | |
| 09309 | इंदौर | 17:00 | नई दिल्ली | 04:30 | शुक्रवार, रविवार | 19.04.2024 से 30.06.2024 | 22 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 09310 | नई दिल्ली | 07:30 | इंदौर | 20:15 | शनिवार, सोमवार | 20.04.2024 से 01.07.2024 | 22 | |
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | बुधवार | 24.04.2024 से 26.06.2024 | 10 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 09076 | काठगोदाम | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | वीरवार | 25.04.2024 से 27.06.2024 | 10 | |
| 09189 | मुम्बई सेंट्रल | 10:30 | कटिहार | 07:30 | शनिवार | 20.04.2024 से 29.06.2024 | 11 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 09190 | कटिहार | 00:15 | मुम्बई सेंट्रल | 18:40 | मंगलवार | 23.04.2024 से 02.07.2024 | 11 | |
| 09407 | भुज | 17:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 12:20 | मंगलवार, शुक्रवार | 30.04.2024 से 28.06.2024 | 17 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 09408 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 15:00 | भुज | 11:30 | बुधवार, शनिवार | 01.05.2024 से 29.06.2024 | 17 | |
| 05115 | छपरा | 17:45 | आनन्द विहार ट. | 11:50 | बुधवार | 01.05.2024 से 26.06.2024 | 09 | प्रथम वाता, 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 05116 | आनन्द विहार ट. | 14:45 | छपरा | 09:30 | वीरवार | 02.05.2024 से 27.06.2024 | 09 | |
| 05023 | गोरखपुर | 21:15 | आनन्द विहार ट. | 13:15 | रविवार | 28.04.2024 से 30.06.2024 | 10 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 05024 | आनन्द विहार ट. | 15:15 | गोरखपुर | 07:30 | सोमवार | 29.04.2024 से 01.07.2024 | 10 | |
| 05047 | बनारस | 19:20 | आनन्द विहार ट. | 09:30 | मंगलवार | 30.04.2024 से 25.06.2024 | 09 | 3 टियर वाता |
| 05048 | आनन्द विहार ट. | 18:15 | बनारस | 08:10 | बुधवार | 01.05.2024 से 26.06.2024 | 09 | |
| 05193 | छपरा | 15:20 | पनवेल | 20:30 | वीरवार | 18.04.2024 से 27.06.2024 | 11 | 3 टियर वाता (इकोनॉमी) शयनयान एवं सामान्य |
| 05194 | पनवेल | 21:40 | छपरा | 08:50 | शुक्रवार | 19.04.2024 से 28.06.2024 | 11 | |
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनन्द विहार ट. | 15:00 | रविवार, वीरवार | 14.04.2024 से 30.06.2024 | 21 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, 3 टियर वाता (इकोनॉमी) एवं शयनयान |
| 03256 | आनन्द विहार ट. | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | सोमवार, शुक्रवार | 15.04.2024 से 01.07.2024 | 21 | |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनन्द विहार ट. | 15:00 | शनिवार | 13.04.2024 से 29.06.2024 | 11 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 02392 | आनन्द विहार ट. | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | रविवार | 14.04.2024 से 30.06.2024 | 11 | |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनन्द विहार ट. | 00:30 | रविवार | 14.04.2024 से 30.06.2024 | 11 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 03258 | आनन्द विहार ट. | 05:00 | दानापुर | 20:45 | सोमवार | 15.04.2024 से 01.07.2024 | 11 | |
| 03227 | आरा जं. | 15:45 | आनन्द विहार ट. | 07:15 | सोम, बुध, शुक्र | 15.04.2024 से 28.06.2024 | 30 | शयनयान एवं सामान्य |
| 03228 | आनन्द विहार ट. | 09:30 | आरा जं. | 04:00 | मंगल, वीर, शनि | 16.04.2024 से 29.06.2024 | 30 | |
| 05565 | सहरसा | 19:30 | सरहिन्द जं. | 00:05 | वीरवार | 18.04.2024 से 27.06.2024 | 11 | सामान्य |
| 05566 | सरहिन्द जं. | 02:00 | सहरसा | 09:45 | शनिवार | 20.04.2024 से 29.06.2024 | 11 | |
| 05531 | रक्सौल जं. | 22:25 | आनन्द विहार ट. | 18:20 | रविवार | 14.04.2024 से 30.06.2024 | 11 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 05532 | आनन्द विहार ट. | 20:00 | रक्सौल जं. | 14:30 | सोमवार | 15.04.2024 से 01.07.2024 | 11 | |
| 07651 | जालना | 23:30 | छपरा | 05:30 | बुधवार | 26.06.2024 तक | 11 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 07652 | छपरा | 22:15 | जालना | 04:00 | शुक्रवार | 28.06.2024 तक | 11 | |
| 03575 | आसनसोल | 10:15 | आनन्द विहार ट. | 08:05 | शुक्रवार | 19.04.2024 से 28.06.2024 | 11 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 03576 | आनन्द विहार ट. | 10:15 | आसनसोल | 10:20 | शनिवार | 20.04.2024 से 29.06.2024 | 11 | |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनन्द विहार ट. | 14:10 | सोमवार | 15.04.2024 से 24.06.2024 | 11 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 03436 | आनन्द विहार ट. | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | मंगलवार | 16.04.2024 से 25.06.2024 | 11 | |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ | 00:10 | शनिवार | 20.04.2024 से 29.06.2024 | 11 | प्रथम वाता, 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, |
| 03108 | लखनऊ | 01:40 | सियालदह | 23:50 | रविवार | 21.04.2024 से 30.06.2024 | 11 | |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि मार्ग में आने वाले ठहरावों, सीट उपलब्धता और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

## खास खबर

### सीएनएच ने अपने इंडिया टेक्नोलॉजी सेंटर का किया विस्तार और अग्रणी मल्टी-व्हीकल सिम्युलेटर का किया उद्घाटन



**गुरूग्राम एजेंसी।** कृषि और निर्माण समाधानों में वैश्विक स्तर पर अग्रणी सीएनएच ने आज कंपनी के इंडिया टेक्नोलॉजी सेंटर (आईटीसी) में एक अत्याधुनिक मल्टी-व्हीकल सिम्युलेटर (एमवीएस) जोड़ने की घोषणा की। भारतीय ऑफ-हाईवे खंड में अपनी तरह का पहला एमवीएस सीएनएच के वैश्विक परिचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह एर्गोनॉमिक्स सिम्युलेशन, नियंत्रण के उपयोगकर्ता अनुभव परीक्षण, ग्राहक क्लीनिक, उत्पाद विकास टीमों के लिए डिजाइन समीक्षा, उत्पाद सत्यापन और कर्मचारी प्रशिक्षण सहित विभिन्न काम के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में काम करेगा।

सीएनएच के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी, फेडरिक आइक्लर ने उद्घाटन के अवसर पर कहा, हमारे इंडिया टेक्नोलॉजी सेंटर (आईटीसी) का विस्तार और संवर्द्धन भारत के समृद्ध प्रतिभा पूल का उपयोग करते हुए नवोन्मेष के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की मिसाल है। यह रणनीतिक कदम इस क्षेत्र में कृषि और निर्माण क्षेत्रों में टेक्नोलॉजी से जुड़ी प्रगति को बढ़ावा देने के लिए शीर्ष स्तर की विशेषज्ञता का लाभ उठाने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है। आईटीसी हमारे ग्राहकों को टेक्नोलॉजी के लिहाज़ से उन्नत उत्पाद प्रदान करने के प्रति सीएनएच की प्रतिबद्धता की आधारशिला है।

### आनंद महिंद्रा ने थालास्सेरी-माहे बाईपास की जमकर तारीफ की



**नईदिल्ली, एजेंसी।** जाने-माने उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट से थालास्सेरी-माहे बाईपास की तस्वीर शेयर की है। उन्होंने इसकी जमकर तारीफ की है। यह नया फोर-लेन मार्ग है जो केरल में थालास्सेरी और माहे को जोड़ता है। पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका शुभारंभ किया था। इसका उद्देश्य यात्रा में लगने वाले समय और यातायात की भीड़ को कम करना है।

आनंद महिंद्रा ने थालास्सेरी-माहे बाईपास की तस्वीर को पोस्ट करते हुए लिखा-जैसे कोई गगनचुंबी इमारत अपने किनारे पर सपाट पड़ी हो...पहले तो यह नैचुरल लैंडस्केप पर एक थोपा हुआ कंक्रीट जैसा लग रहा था। लेकिन इसका अपना सौंदर्यबोध है। मैं बाईपास पर जाकर दोनों तरफ की सुंदरता की सराहना करने के प्रलोभन से इनकार नहीं कर सकता। थालास्सेरी-माहे बाईपास को मार्च 2024 में खोला गया था। इसका मकसद यात्रा के समय के साथ भीड़ को कम करना है। इस बायपास में एक शानदार ओवरपास शामिल है जो कवियूर में मेयेरी झील के ऊपर से गुजरता है। इस बाईपास के खुलने से आसपास के क्षेत्र में रियल एस्टेट के विकास में तेजी आई है।

# कोटक महिन्द्रा बैंक ने मणिपाल एकेडमी ऑफ बीएफएसआई के साथ गठबंधन किया



**मुंबई, एजेंसी।** कोटक महिन्द्रा बैंक (केएमबीएल / कोटक) ने कोटक नेक्स्टजेन बैंकर्स प्रोग्राम लॉन्च करने के लिये मणिपाल एकेडमी ऑफ बीएफएसआई के साथ साझेदारी की है। इसके तहत, उद्योग के लिये तैयार प्रतिभाओं को कौशल प्रदान किया जाएगा और उन्हें बढ़ावा दिया जाएगा। इसमें भाग लेने वाले लोग बैंकिंग उद्योग की लगातारबदल रहीं आवश्यकताएं पूरी करेंगे। रिलेशनशिप बैंकिंग में 12 महीने का पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा बैंकिंग में काम करने की आकांक्षा रखने वालों को ग्राहक अनुभव में प्रशिक्षित करेगा। इसके अंत में कोटक महिन्द्रा बैंक लि. में ब्रांच रिलेशनशिप मैनेजर (डिप्टी मैनेजर) का निश्चित* रोजगार मिलेगा।

बैंकिंग और फाइनेंस के बदलते परिदृश्य के कारण ऐसी प्रतिभाओं की मांग बढ़ गई है, जो ग्राहकों की लगातार बदल रही आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुसार हों। कोटक नेक्स्टजेन बैंकर्स प्रोग्राम बैंकिंग उद्योग की आवश्यकताओं को सम्बोधित करेगा और खुशनुमा तथा ग्राहक पर केन्द्रित सेवाएं देने में बैंक का सहयोग करेगा। बैंक के बैंकिंग विशेषज्ञों और प्रमुख लोगों से कक्षा में और रोजगार के दौरान मिलने वाला प्रशिक्षण इन प्रतिभाओं को कोटक महिन्द्रा बैंक की संस्कृति और उद्योग से मान्यता-प्राप्त प्रकियाओं में बढ़ावा देगा।

विराट दीवानजी, ग्रुप प्रेसिडेंट एवं हेड- कंज्यूमर बैंक, कोटक महिन्द्रा बैंक लि. ने कहा, ''हम प्रतिभा को बढ़ावा देने और बैंकिंग उद्योग के लिये नये जमाने के रिलेशनशिप मैनेजर्स तैयार करने के लिए मणिपाल एकेडमी ऑफ बीएफएसआई के साथ जुड़कर खुश हैं। कोटक महिन्द्रा नेक्स्टजेन बैंकर्स प्रोग्राम महत्वाकांक्षी और आकांक्षी युवाओं के लिये एक बेहतरीन लॉन्च पैड है। उन्हें अपने बैंकिंग कॅरियर में तरक्की और सफलता के लिये कुशलताएं मिलेंगी।''

मणिपाल एकेडमी ऑफ बीएफएसआई के चीफ बिजनेस ऑफिसर रॉबिन भौमिक ने कहा, ''हम नेक्स्टजेन बैंकर्स प्रोग्राम शुरू करने के लिये कोटक महिन्द्रा बैंक के साथ भागीदारी से उत्साहित हैं। हमें विभिन्न वित्तीय सेवाओं में भूमिकाओं के लिये प्रशिक्षण में मणिपाल एकेडमी ऑफ बीएफएसआई के उद्योग में समृद्ध अनुभव का दोहन करने की आशा है। इस प्रोग्राम में टेक्निकल एवं सॉफ्ट स्किल की ट्रेनिंग होगी। इसमें ग्राहक पर केन्द्रित सोच को मजबूत किया जाएगा। हम बैंकर्स की अगली पीढ़ी विकसित करना चाहते हैं, जो बैंक को सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाये।''

कोटक नेक्स्टजेन बैंकर्स प्रोग्राम के तहत मणिपाल एकेडमी ऑफ बीएफएसआई के बेंगलुरु कैम्पस में 4 महीने का आवासीय कक्षागत प्रशिक्षण होगा। इसके बाद 2 महीने का प्रशिक्षण रोजगार के दौरान मिलेगा और फिर भारत में कोटक महिन्द्रा बैंक की शाखा/कार्यालय में 6 महीने की इंटर्नशिप होगी। पाठ्यक्रम में बैंकिंग के महत्वपूर्ण कॉन्सेप्ट्स हैं, जिन्हें मणिपाल एकेडमी ऑफ बीएफएसआई के शिक्षक और उद्योग के प्रमुख लोग आसान बनाएंगे। यह पाठ्यक्रम रिलेशनशिप मैनेजमेंट के विभिन्न पहलुओं पर मेंटरशिप और दिये जाने वाले प्रोजेक्ट्स तथा लक्ष्यों के माध्यम से प्रत्यक्ष मार्गदर्शन प्रदान करता है। कोटक महिन्द्रा बैंक इस प्रोग्राम के तीनो चरणों में स्टाइपेंड के जरिये आर्थिक सहायता और निश्चित** बोनस भी देगा।

## फ्लिपकार्ट ने यात्रा पेशकशों में अपनी उपस्थिति बढ़ाई; अपने ऐप पर बस बुकिंग्स को लॉन्च किया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत के घरेलू डिजिटल कॉमर्स इकोसिस्टम, फ्लिपकार्ट ने अपने ऐप पर बस सेवाओं को शुरू करने की घोषणा की है। कई राज्यों के परिवहन निगमों और निजी एग्रीगेटर्स के सहयोग में फ्लिपकार्ट ग्राहकों के लिये 10 लाख बस कनेक्शंस में से चुनने का विकल्प पेश करेगी। इसमें भारत के 25,000 से अधिक मार्गों पर कनेक्टिविटी मिलेगी। यह फ्लाइट और होटल बुकिंग की उन सेवाओं के अतिरिक्त एक पेशकश है, जोकि फ्लिपकार्ट ट्रेवल बैनर के तहत उपलब्ध रही हैं।

यह लॉन्च अपने सेगमेंट में यात्रियों की बढ़ती जरूरतें पूरी करने के लिये फ्लिपकार्ट की योजना के मुताबिक है। फ्लिपकार्ट के मौजूदा ग्राहकों की संख्या और खासकर बस यात्रियों के बीच काफी समानताएं देखते हुए, कंपनी का यह प्रस्ताव एक प्रतिस्पर्द्धी परिदृश्य में स्थिति को बदल देगा। यह किफायती यात्रा को संभव बनाने के लिये है। बस बुकिंग्स के लिये सुपरकॉइन्स का रिडेम्पशन एक अनूठी मूल्य-वर्द्धित खूबी है, जो फ्लिपकार्ट के नये और मौजूदा ग्राहकों के लिये उपलब्ध है। फ्लिपकार्ट पर बस बुकिंग सेवा की महत्वपूर्ण विशेषताओं में बेहतरीन डील्स, शून्य सुविधा शुल्क या गुप्त प्रभार, 50 रूपये तक सुपरकॉइन्स रिडेम्पशन के जरिये ऑफर्स और 24/7 वॉइस हेल्पलाइन शामिल हैं। लॉन्च ऑफर के तहत ग्राहक 15 अप्रैल 2024 तक होने वाली हर बस बुकिंग के लिये सुपरकॉइन्स पर 5त्न की अतिरिक्त छूट और 15% की सीधी छूट का मजा ले सकते हैं। इस नई प्रगति पर अपनी बात रखते हुए, फ्लिपकार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अजय वीर यादव ने कहा, ''फ्लिपकार्ट की सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला में बसों का जुड़ना हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हम यात्रा समेत उपभोक्ता की सभी आवश्यकताओं के लिये निर्णायक ठिकाना बनने के सफर पर हैं।

## पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने नई उपलब्धि हासिल की

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की अग्रणी हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों में से एक, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने आज पूरे भारत में 300 शाखाओं तक अपने वितरण नेटवर्क के सफल विस्तार की घोषणा की। यह रणनीतिक वृद्धि ग्राहकों को सुलभ और विविध आवास वित्त समाधान प्रदान करने की दिशा में इसकी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। देश के 150 से अधिक अद्वितीय शहरों में फैली, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस अब लाखों व्यक्तियों के घर के स्वामित्व के सपने को पूरा करने और राष्ट्र-निर्माण में योगदान देने में सक्षम होगा।

पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने अकेले वित्त वर्ष 24 के आखिरी 4 महीनों में 100 शाखाएं जोड़ीं, जिससे कुल संख्या 300 हो गई। यह प्राइम होम लोन ग्राहकों की सेवा के लिए समर्पित 90 शाखाओं और सस्ते आवास सेगमेंट रोशनी की जरूरतों को पूरा करने के लिए 160 शाखाओं के एक मजबूत नेटवर्क के माध्यम से अनुरूप वित्तीय समाधान प्रदान करता है। इसके अलावा, कंपनी ने चुनिंदा भौगोलिक क्षेत्रों में 50 शाखाओं के माध्यम से उच्च यील्ड वाले ग्राहक सेगमेंट में अवसरों का लाभ उठाने के लिए एक नई श्रेणी उभरते बाजार में भी विविधता ला दी है।

# टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और शेल ने भारत में ईवी चार्जिंग का बेहतर अनुभव देने के लिये भागीदारी की

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लि. (टीपीईएम), भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के क्षेत्र में बदलाव लाने केलिये मशहूर, ने शेल इंडिया मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड (एसआईएमपीएल) के साथ एक नॉन-बाइंडिंग समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। इसके तहत भारत में पब्लिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिये दोनों कंपनियों ने आपस में सहयोग किया है। यह गठजोड़ शेल के विस्तृत फ्यूल स्टेशन नेटवर्क और टीपीईएम को भारत की सड़कों पर चल रहे 1.4 लाख से ज्यादा टाटा ईवी से मिलने वाली जानकारियों का इस्तेमाल करेगा। चार्जर्स ऐसी जगहों पर स्थापित किये जाएंगे, जहाँ टाटा ईवी के मालिक अक्सर आते हैं। इसके अलावा, दोनों कंपनियाँ चार्जिंग के बेहतरीन अनुभव देने के लिये भी काम करेंगी।



भारत में ईवी मालिकों का अनुभव बेहतर बनाने के लिये टीपीईएम और शेल इंडिया मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड (एसआईएमपीएल) के बीच हुए इस अनुबंध का लक्ष्य दोनों कंपनियों की शक्तियों का लाभ उठाना है। इस प्रकार देश में ज्यादा से ज्यादा लोगों को इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने के लिये प्रोत्साहित किया जाएगा। दोनों कंपनियाँ भुगतान की सुविधाजनक प्रणालियाँ और लॉयल्टी प्रोग्राम्स भी पेश करने के बारे में सोच रही हैं। इससे टीपीईएम के ग्राहकों के लिये महत्व काफी बढ़ जाएगा।

टीपीईएम भारत में ईवी के बाजार में अग्रणी है और अपने पोर्टफोलियो में चार उत्पादों के साथ इलेक्ट्रिक पैसेंजर व्हीकल्स के बाजार में उसकी हिस्सेदारी 71% है। टीपीईएम ने गुरुग्राम में अपना पहला ईवी-एक्सक्लूसिव स्टोर खोलकर देश में ईवी इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने की पहल की है। भारत में चार्जिंग के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिये कंपनी विभिन्न चार्ज पॉइंट ऑपरेटर्स के साथ काम कर रही है। शेल ईवी के रिचार्ज लोकेशंस पर भरोसेमंद और अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग मिलेगी। वहाँ चार्जर अपटाइम 98त्न-99त्न रहेगा।

## क्राईम फाईल

### बहनोई ने नशे में किया चाकू से हमला

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** शराब के नशे में एक व्यक्ति ने अपने साले पर चाकू से जानलेवा हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित ने किसी तरह अपनी जान बचाकर थाना बीटा दो पुलिस को सूचना दी।

मेरठ निवासी आशीष राघव ने बताया कि वह अपनी बहन मधु भाटी के साथ ग्रेटर नोएडा स्थित एवीजे होम सोसाइटी में रह रहा है। 9 अप्रैल की शाम को उसका जीजा दीपक भाटी शराब के नशे में घर पहुंचा। घर आते ही उसने मधु के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। उसने जब अपनी बहन को बचाने की कोशिश की तो दीपक ने उसके साथ भी हाथापाई शुरू कर दी। इस दौरान दीपक भाटी ने चाकू निकालकर उस पर प्रहार कर दिया। चाकू उसके चेहरे पर लगा और वह लहू लुहान हो गया। किसी तरह उसने भाग कर अपनी जान बचाई और अपनी बहन को लेकर अस्पताल पहुंचा। उसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। आशीष राघव के मुताबिक उसका बहनोई उसकी बहन पर पूर्व में भी दो बार जानलेवा हमला कर चुका है। उस संबंध में भी पुलिस से शिकायत की गई थी।

### रिश्तेदार बनकर ठगे लाखों रुपये

**नोएडा ( चेतना मंच )।** साइबर ठग ने एक व्यक्ति से रिश्तेदार बनकर उससे तीन बार में 195000 ठग लिए। ठगी का शिकार हुए पीड़ित ने थाना सेक्टर 58 में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-55 में रहने वाले परमेश कुमार खुल्लर ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि बीते दिनों उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को उसका रिश्तेदार बताते हुए उससे आर्थिक सहायता की मांग की। उक्त व्यक्ति ने उससे एक कथित पुलिसकर्मी की बात करवाई। पुलिस कर्मी ने उसे 120000 रुपए ट्रांसफर करने को कहा घबराहट में उसने तीन बार में 195000 रूपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में उसे पता चला कि उसके साथ ऑनलाइन फ्रॉड हुआ है। इसके बाद उसने इसकी सूचना साइबर सेल को दी साइबर सेल ने जांच पड़ताल के बाद मामला थाना सेक्टर 58 पुलिस को ट्रांसफर कर दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज का जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### छेड़खानी का मुकदमा वापस न लेने पर दी धमकी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** छेड़खानी का मुकदमा वापस न लेने पर मनचला पीड़िता व उसके पिता को जान से मारने की धमकी दे रहा है। मनचला आए दिन पिता पुत्री के साथ गाली गलौज कर उन पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है। इस संबंध में युवती के पिता ने आरोपी के खिलाफ थाना ईकोटेक 3 में मुकदमा दर्ज कराया है।

कुलेसरा गांव में रहने वाले राकेश (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी बेटी के साथ पड़ोस में रहने वाले योगेंद्र पुत्र दीवान सिंह ने छेड़छाड़ की घटना की थी। इस संबंध में उसकी बेटी ने दिसंबर 2022 में आरोपी योगेंद्र के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया था। वर्तमान में यह मामला सूरजपुर स्थित न्यायालय में विचाराधीन है। राकेश का कहना है कि जब भी वह सूरजपुर स्थित न्यायालय से इस मामले की पेशी पर जाने के बाद वापस लौटते हैं तो आरोपी योगेंद्र उन्हें रास्ते में घेर लेता है और गाली गलौज करता है। योगेंद्र धमकी देता है कि अगर मुकदमा वापस नहीं लिया तो जान से मार देगा। पुलिस के मुताबिक पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।




## पृष्ठ एक के शेष....

**कहीं भी गंदगी व कूड़े ....**

सफाई अभियान चलाया जाए। सभी मुख्य मार्गो, फुटपाथों व सर्विस रोड पर जगह-जगह मौजूद घास तथा झाड़ी व गंदगी को 10 दिनों में अभियान चलाकर समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी सहायक परियोजना अभियंता, अवर अभियंता व स्वास्थ्य निरीक्षक रोज प्रात: 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक कार्यस्थल पर मौजूद रहकर सफाई करवाएंगे। यदि उनके क्षेत्र में गंदगी व कूड़े के ढेर मिले तो उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जिन सोसाइटी में नाले में कूड़ा व गंदगी डाली जा रही है उस समिति को नोटिस देकर उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। बैठक में एसीईओ संजय खत्री, उप महाप्रबंधक (जन स्वास्थ्य) एसपी सिंह, परियोजना अभियंता जनस्वास्थ्य खंड-1, गौरव बंसल, परियोजना अभियंता जन स्वास्थ्य खंड-2, आरके शर्मा तथा सभी अवर अभियंता व स्वास्थ्य निरीक्षक मौजूद थे।

**ट्रैफिक डॉयवर्जन का...**

फेज-3 कोतवाली, सेक्टर- 67 से एलिवेटेड रोड होकर सेक्टर 18 की ओर आने वाला ट्रैफिक सेक्टर-60 अंडरपास के ऊपर से बांयी तरफ मुड़कर सेक्टर-71, 52 होकर गंतव्य की तरफ जा सकेगा। बोटेनिकल गार्डन, सेक्टर- 37 से जीआइपी माल की ओर जाने ट्रैफिक को अट्टा चौक से सेक्टर-18 की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

**खुर्जा, बुलंदशहर से आने वाले वाहनों के लिए डॉयवर्जन**

खुर्जा, सिकंद्राबाद, बुलंदशहर की ओर से आने वाले वाहन दादरी से लाल कुआं होकर सेक्टर-62, माडल टाउन गोलचक्कर, सेक्टर-60 अंडरपास के ऊपर से बांयी ओर मुड़कर फेज-3 कोतवाली से यूटर्न लेकर शाप्रिक्स माल से गिझौड़ चौक, अरावली चौकी के सामने से होकर सुमित्रा अस्पताल के सामने होकर एडोब के पास बनी पार्किंग में वाहन खड़ी कर सकेंगे।

**जेवर, कासना से आने वाले वाहन के लिए ऐसा रहेगा यातायात**

परीचौक, सूरजपुर, किसान चौक, पर्थला की ओर से आने वाले वाहन सेक्टर-71 अंडरपास से होकर होशियारपुर, गिझौड़ होकर अरावली चौके के सामने से होकर एनटीपीसी अंडरपास के रास्ते एडोब कंपनी के पास बनी पार्किंग तक जा सकेंगे।

**पांच लैपटॉप, मोबाइल व ....**

उसने अपनी होंडा सिटी कार कंपनी के सामने रोड पर खड़ी कर दी कुछ देर बाद जब वापस लौटा तो कार में रखा उसका बैक गायब था। बैग में लैपटॉप कार के दस्तावेज आइसीआइसीआइ डेबिट कार्ड कोटक महिंद्रा का डेबिट कार्ड, चेक बुक व 3 हजार रुपए रखे हुए थे।

थाना नॉलेज पार्क में अमित कुमार शाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह नॉलेज पार्क में स्थित सरस्वती निवास हॉस्टल में रह रहा है बीते दिनों चोरों ने उसके हॉस्टल के कमरे से दो लैपटॉप व दो मोबाइल फोन चोरी कर लिए।

वहीं थाना बिसरख क्षेत्र के देविका गोल्ड होम सोसाइटी के एक मकान में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर यहां से लैपटॉप मोबाइल फोन 4000 डेबिट कार्ड क्रेडिट कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए।

**आरएमयू पैनल से....**

पूछताछ में कृष्णपाल ने बताया कि उसने दो दिन पहले भी सिरसा गोल चक्कर के पास आरएमयू पैनल से चार बैटरी चोरी की थी। इन बैटरी को उसने कबाड़ी को बेच दिया था पकड़े गए कृष्णपाल को थाना बिसरख पुलिस के हवाले कर उसके खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

**चोरी की बाइक से .....**

फोन बरामद हुई। पूछताछ में बाइक सवार ने अपना नाम राहुल उर्फ मोनू पुत्र श्यामवीर निवासी रजत विहार खोड़ा कॉलोनी बताया। पूछताछ में राहुल ने बताया कि उसके पास से बरामद बाइक उसने वर्ष 2021 में गढ़ी चौखंडी गांव से चोरी की थी बाइक चोरी करने के बाद उसने इसके नंबर प्लेट को हटा दिया था। चोरी की इस बाइक से विभिन्न सेक्टर में घूम-घूम कर मोबाइल फोन छिनने की घटनाओं को अंजाम देता है।

छीने गए मोबाइलों को वह रहा चलते लोगों को सस्ते दामों में बेच देता है। आरोपी ने बताया कि वारदात के दौरान पकड़े जाने पर वह तमंचा दिखाकर लोगों को डरा धमकाकर फरार हो जाता है।

**बाइक की टक्कर....**

मामूरा गांव में रह रही थी। शुक्रवार की सुबह वह मामूरा चौक के पास सड़क पार कर रही थी। इस दौरान तेज गति में आ रहा बाइक सवार संतुलन को बैठा और उसने शशिबाला को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से शशि वाला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर इकट्ठा हुए राहगीर पुलिस की मदद से शशिबाला को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसकी मौत हो गई।

थाना सेक्टर-58 प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश कर रही है। वहीं थाना बादलपुर क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में पोरवपाल पुत्र उदल सिंह निवासी एटा की मौत हो गई। पुलिस ने शाम को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**प्लॉट बेचने के नाम पर ....**

फोन उठाना बंद कर दिया। 6 जनवरी को वह श्याम लाल के घर पहुंचा और बैनामा कराने के लिए कहा। इस पर श्यामलाल तथा उसके बेटे राकेश में दो अन्य ज्ञात लोगों ने उसे घर में बंद कर लिया और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान राकेश ने अपनी जेब से पिस्तौल निकाल कर उसके मुंह में ठूंस दी और जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह वहां से जान बचाकर निकाला और थाने में शिकायत की लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर पिता पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है यह मामला न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है।

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# आईपीएल 2024 में आज होगा पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स में मुकाबला

**मोहाली (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 सत्र में शनिवार को पंजाब किंग्स अपने घरेलू मैदान पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। उसके लिए हालांकि ये बेहद कठिन है क्योंकि राजस्थान रॉयल्स की टीम ने इस सत्र में सबसे अधिक चार जीत हासिल की है और वह अंकतालिका में पहले नंबर पर है। उसे पिछले मैच में एकमात्र हार मिली थी। तब वह गुजरात टाइटंस के खिलाफ अंतिम ओवर में दो रन से हार गयी थी। ऐसे में इस मैच में राजस्थान की टीम भी जीत के लिए कोई कसर नहीं रखेगी। पिछले मैच में गुजरात के राशिद खान ने अंतिम ओवर में राजस्थान के हाथों से जीत छीन ली थी। कप्तान शिखर धवन की पंजाब किंग्स का प्रदर्शन अब तक कुछ विशेष नहीं रहा है। टीम को 5 मैचों में 3 में हार का सामना करना पड़ा है।

इस मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम बड़ा स्कोर बना सकती है। ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम को लाभ होगा। इसमें पावरप्ले के दौरान तेज गेंदबाजों को सहायता मिलेगी। ऐसे में यहां शुरुआत में संभलकर बल्लेबाजी करनी होगी। पंजाब किंग्स के लिए चिंता की बात ये है कि कप्तान धवन को छोड़कर अन्य बल्लेबाज रन नहीं बना रहे हैं। उसके शीर्ष क्रम का कोई भी बल्लेबाज अब तक प्रभावी नहीं रहा है। इसके साथ ही मध्यक्रम और निचले क्रम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन भी खराब रहा है। वहीं राजस्थान के पास कप्तान संजू सैमसन के अलावा कई अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। रॉयल्स को इस मैच में पंजाव के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह से सावधान रहना होगा। पिछले मैच में अर्शदीप ने काफी प्रभावी गेंदबाजी की थी।



**टीम**

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान।

**पंजाब किंग्स:** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कैगिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

# मैरी कॉम ने पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय दल के अभियान प्रमुख का पद छोड़ा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की शीर्ष महिला मुक्केबाज मैरी कॉम ने पेरिस ओलंपिक के लिए अभियान प्रमुख का पद छोड़ दिया है। मैरी कॉम ने कहा कि ये एक बड़ा सम्मान है पर निजी कारणों से वह ये जिम्मेदारी उठाने में असमर्थ हैं। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पी टी उषा को लिखे अपने पत्र में मैरी कॉम ने कहा कि वह अभियान प्रमुख की जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहती हैं। मैरी कॉम ने कहा, '' देश की किसी भी रूप में सेवा करना गर्व की बात है पर अभी मैं इसके लिये मानसिक रूप से तैयार नहीं हूं।''

उन्होंने कहा, '' इस प्रकार से पीछे हटने को मैं अच्छा नहीं मानती हूं पर मेरे पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। साथ ही कहा कि मैं ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे अपने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिये हमेशा ही तैयार रहूंगी।'' आईओए ने 21 मार्च को ही उनकी नियुक्ति की घोषणा की थी। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेत मैरी कॉम को 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों में भारतीय दल का अभियान प्रमुख बनाया गया था।

वहीं उषा ने अपने एक बयान में कहा, '' हमें दुख है कि ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज और आईओए एथलीट आयोग की प्रमुख मैरी कॉम निजी कारणों से अभियान प्रमुख पद से हट गई हैं। हम उनके फैसले और निजता का सम्मान करते हैं। उनके विकल्प के बारे में घोषणा शीघ्र होगी।''उन्होंने कहा, '' मैं उनके अनुरोध को समझती हूं और उनके फैसले का सम्मान करती हूं। मैने उनसे कहा है कि आईओए और मेरा सहयोग हमेशा उनके साथ है।''

# सिराज थके हुए हैं.. मानसिक थकान दूर करने के लिए आराम लें : हरभजन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह को लगता है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के संघर्षरत तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आराम दिया जाना चाहिए ताकि वह अपनी फॉर्म वापस हासिल कर सकें। सिराज मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में सिर्फ 4 विकेट ले पाए हैं। उन्होंने 22 ओवरों में 229 रन दिए हैं। हरभजन का मानना है कि सिराज 'थके हुए' लग रहे हैं और उन्हें कुछ मैचों में आराम देने की जरूरत है ताकि वह अपनी फॉर्म वापस हासिल कर सकें। हरभजन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि सिराज फॉर्म से जूझ रहे हैं। उन्हें अपने शरीर के साथ-साथ दिमाग को भी आराम देने की जरूरत है। वह थके हुए लग रहे हैं। वह पिछले कुछ मैचों से फॉर्म के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जब कोई गेंदबाज फॉर्म के लिए संघर्ष कर रहा हो तो सबसे अच्छी बात यह है कि उसे आराम दीजिए। हरभजन ने कहा कि टीमों को चुनौती देने के लिए वास्तव में एक कारक बनने के लिए उन्हें बहुत सुधार करना होगा। जैसे केकेआर के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है। इसलिए, बल्लेबाजों को रन बनाते हुए देखना अच्छा है, लेकिन उन्हें टीम में अच्छे गेंदबाजों और सकारात्मक सोच की जरूरत है। वे इसे



बिल्कुल भी ठीक से करने में सक्षम नहीं हैं, वे बुरे गेंदबाज नहीं हैं। आप टॉपले को देखें, आप सिराज को देखें, वे अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज हैं और मेरा मानना है कि कुछ गड़बड़ है, उन्हें अपना गेमप्लान ठीक से नहीं मिल रहा है, वे उन क्षेत्रों में गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं जहां बल्लेबाज कमजोर हैं। मुझे लगता है कि वे बस दौड़ रहे हैं और पिच के अंदर या बल्ले तक गेंदबाजी कर रहे हैं, खिलाड़ियों की कमजोरी के बारे में नहीं सोच रहे हैं। इशान किशन को गेंदबाजी करते समय आपको गेंद को वापस उनके पास ले जाना होगा और उन्हें कोई जगह नहीं देनी होगी। यह सभी के लिए बिल्कुल मुफ्त है। हरभजन ने आरसीबी के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि आरसीबी कैसे जीतेगी, उनके पास अच्छी गेंदबाजी नहीं है, उनके पास बल्लेबाज हैं लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि वे जितने भी रन बनाते हैं वह हमेशा कम होते हैं।

# आईपीएल 2024: जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी से डरते हैं SKY, कहा- 'वह या तो मेरा बल्ला तोड़ देता है या मेरा पैर'

**मुम्बई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल 2024 में जीत की पटरी पर लौट चुकी है। गुरुवार को उसे आरसीबी के खिलाफ अपनी दूसरी जीत नसीब हुई है। वहीं इस मैच में मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट अपने नाम किए। वहीं टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भी फॉर्म में लौट आए हैं। उन्होंने आरसीबी के खिलाफ 19 गेंद में 52 रन की धमाकेदार पारी खेली। वहीं मैच जीतने के बाद सूर्या ने कहा कि प्रैक्टिस सेशन के दौरान नेट में जसप्रीत बुमराह का सामना करने में उन्हें डर जलगता है।

जसप्रीत बुमराह के पांच विकेट हॉल, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव के धमाकेदार अर्धशतक की बदौलत MI ने आरसीबी को सात



विकेट से मात दी। सूर्यकुमार यादव ने 19 गेंद में पांच चौके और 4 छक्कों की बदौलत 52 रन बनाए, उनकी इस पारी की बदौलत मुंबई की टीम 27 गेंद शेष रहते मैच जीत गई। इससे उसका रन रेट भी बेहतर होगा।

मैच के बाद सूर्या ने कहा कि, वानखेड़े में वापस आकर अच्छा लगा। जब टूर्नामेंट शुरू हुआ मैं मानसिक रूप से यहीं था। हालांकि, शरीरिक रूप से बैंगलोर में था। ऐसा लग रहा है कि मैंने कभी छोड़ा नहीं। जब आप 200 का पीछा कर रहे हो तो ये जानना जरूरी है कि ओस का प्रभाव पड़ेगा। रोहित और ईशान ने 10 ओवर में ही अपना काम कर दिया और हमें पता था कि नेट रन रेट को बेहतर करने के लिए मैच को जल्दी खत्म करना होगा। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने आगे कहा कि वह सिर्फ मैदान के अनुसार खेलने की कोशिश करते हैं और अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स में इन शॉट्स का अभ्यास करते हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि, मैं फील्ड के हिसाब से खेलता हूं और इन शॉट की प्रैक्टिस करता हूं। मैं वहां जाता हूं और एन्जॉय करता हूं। पॉइंट के ऊपर से जो शॉट मारा, वो काफी अच्छा रहा। ईशान ने अपनी बल्लेबाजी पर काम किया है। लगभग 2-3 साल हो गए हैं जब मैंने नेट्स में उसके खिलाफ बल्लेबाजी की थी। क्योंकि वह या तो मेरा बल्ला तोड़ देता है या मेरा पैर तोड़ देता है।

# धोनी की कमाई 1040 करोड़ पहुंची

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की लोकप्रियता और कमाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब धोनी की नेट वर्थ 1040 करोड़ रुपये से भी ऊपर निकल गयी है। धोनी को आजकल विज्ञापन के अलावा कई कारोबारों से कमाई होती है। धोनी के फार्महाउस हैं जहां सब्जियों के साथ ही कई



प्रकार के फल भी होते हैं। इसके अलावा वह सेवन नाम से एक कपड़ों का ब्रांड भी चलाते हैं। उनकी एक एक स्पोर्ट कंपनी भी है, इसके अलावा करोड़ों के विज्ञापनों भी उनके पास है। इसके अलावा धोनी कई और कारोबार भी कर रहे हैं। हससे उन्हें हर साल करोड़ों रुपये की आय होती है। धोनी का रांची में एक होटल भी है। इसका नाम होटल माही रेजीडेंसी है। इसके अलावा धोनी ने माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के साथ मिलकर बैंगलोर में एक एमएस धोनी ग्लोबल स्कूल भी खोला है। इस स्कूल में बीबीएसई पाठ्यक्रम से पढ़ाई होती है। यहां विशेषज्ञों की सलाह और उनके मार्गदर्शन पर ही पाठ्यक्रम तैयार किया जाता है। धोनी ने कई जगह निवेश भी किया है। उन्होंने बेवरेज ब्रांड सेवन इंक ब्रियू में भी निवेश किया है। इसके अलावा उनका पैसा चॉकलेट की कंपनी में भी लगा है। ये कॉप्टर 7 नाम से बाजार में चॉकलेट बेचती है। कुल मिलाकर देखा जाये तो धोनी से खेल से हुई कमाई का निवेश कई क्षेत्रों में किया है। जिसके कारण उनकी कमाई लगातार बढ़ती जा रही है।

# अगरकर ने विराट की प्रशंसा करते हुए कहा, उन्होंने फिटनेस के नये मानक स्थापित किये

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति के प्रमख अजीत अगरकर ने विराट कोहली की जमकर प्रशंसा की है। अगरकर ने कहा है कि विराट ने फिटनेस के मामले में अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानक स्थापित किये हैं जिससे खेल को लाभ हुआ है। विराट से प्रेरित होकर अन्य युवा खिलाड़ी भी अब अपनी फिटनेस पर पूरा ध्यान दे रहे हैं। अगरकर ने कहा, भारतीय क्रिकेट में अच्छी बात यह है कि अब आपके पास चयन के लिए बहुत बड़ा पूल है, भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। पिछले एक दशक से अधिके समय के अंदर जो बड़ा अंतर आया है उसे आप देख सकते हैं। विराट उन लोगों में से एक हैं, जिन्होंने फिटनेस को लेकर एक बेंचमार्क स्थापित किया है, और अब अपने 15 साल के करियर में वह और भी फिट हो गए हैं। इस प्रकार जो भी खिलाड़ी प्रभावित होकर उनके जैसे बनने का प्रयास कर रहे है, उससे एक माहौल बनता है ओर फिटनेस पर अधिक से अधिक खिलाड़ी ध्यान देते हैं। अगरकर ने बड़े स्तर पर देश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान और उन्हें निखारने के लिए आईपीएल की भूमिका की भी प्रशंसा की है। उन्होंने कहा, आप देख सकते हैं कि हर साल, आईपीएल नई प्रतिभाओं को सामने लाता रहता है।

# संगकारा ने अश्विन को महानतम स्पिनरों में से एक बताया

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा अब तक आईपीएल में उम्मीदों के अनुसार प्रदर्शन नहीं करने वाले अनुभवी स्पिनर आर अश्विन के बचाव में उतरे हैं। संगकारा ने कहा कि मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खराब



प्रदर्शन के बाद रविचंद्रन अश्विन का समर्थन किया। संगकारा ने कहा, अश्विन खेल के महानतम स्पिनरों में से एक है, हर दिन अच्छा नहीं हो सकता और कभी-कभी आपका दिन खराब भी होता है। चीजें चलती रहती हैं, हम सीखते हैं और हम आगे बढ़ते हैं। वह एक भयंकर प्रतिस्पर्धी है, और मुझे भरोसा है कि वह सत्र में आगे आने वाले मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। अश्विन गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में भी प्रभावी गेंदबाजी नही कर पाये। वह इस मैच में गेंदबाजी के दौरान संघर्ष करते दिखे। अपने चार ओवर के स्पेल में उन्होंने 10.00 40 रन दे दिए हालांकि उन्होंने दूसरी पारी के पहले भाग के दौरान दो ओवरों में सिर्फ 10 रन दिए पर इसके बाद उनके अगले दो ओवरों में वह प्रभावी नहीं दिखे और 30 रन दिए। इस सत्र में इससे पहले हुए मैचों भी अश्विन कुछ खास नहीं कर सके।

# भारतीय हॉकी टीम टेस्ट श्रृंखला में लगातार चौथी बार ऑस्ट्रेलिया से हारी

**पर्थ। (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के अहम दौरे पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी है जहां पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे टेस्ट मैच में उसे 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ ही श्रृंखला में अपनी बढ़त को 4-0 कर लिया। मैच का परिणाम भारतीयों के पक्ष में नहीं रहा लेकिन टीम के प्रदर्शन के स्तर में काफी सुधार दिखा। मेजबान टीम हालांकि हर मामले में भारत से बेहतर साबित हुई। आकाशीय बिजली के कारण 40 मिनट देर से शुरू हुए मैच में सभी चार गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए। भारत ने 12वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह की बदौलत बढ़त बना ली, लेकिन जेरेमी हेवर्ड (19वें, 47वें) और जैक वेल्च (54वें) के गोल ने ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला में लगातार चौथी जीत दिला दी।

भारत शुरुआती टेस्ट में 1-5 से हार गया था, जबकि दूसरा और तीसरा टेस्ट क्रमशः 2-4 और 1-2 से हार गया था। मैच का शुरुआती क्वार्टर काफी प्रतिस्पर्धी रहा जहां दोनों टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ गोल के कई मौके बनाये। मनदीप सिंह ने मैच पहले मिनट में ही भारत के लिए मौका बनाया। हरमनप्रीत सिंह के पास पर सर्कल



के पास से किये गये उनके प्रहार को ऑस्ट्रेलिया के गोलकीपर ने बचा लिया। ऑस्ट्रेलिया ने जवाबी हमला करते हुए दूसरे मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन अनुभवी भारत के गोलकीपर पीआर श्रीजेश के शानदार बचाव से उनका दोनों प्रयास विफल हो गया।

भारतीय खिलाड़ियों ने इस मैच में मिडफील्ड का चतुराई से उपयोग कर गोल करने के मौके बनाये। भारत को 10वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन जुगराज सिंह मौके को भुनाने में नाकाम रहे। इसके एक मिनट बाद, ऑस्ट्रेलिया को तीसरा और चौथा पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारतीयों ने मजबूती से बचाव किया। भारत ने 12वें मिनट में हरमनप्रीत के गोल से बढ़त बना ली। भारतीय कप्तान ने टीम के दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर गोलकीपर के बायीं ओर से जोरदार फ्लिक से गोल किया। एक गोल से पिछड़ने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्वार्टर में जोरदार वापसी की।

मैच के 19नें मिनट में हेवर्ड ने टीम को पांचवें पेनल्टी कॉर्नर पर बढ़त दिला दी। इसके तुरंत बाद भारत के पास बढ़त बनाने का मौका था लेकिन राजकुमार पाल का रिवर्स हिट गोलपोस्ट से टकराकर दूर चला गया। ऑस्ट्रेलिया ने इसके कुछ समय के बाद छठा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन रिजर्व गोलकीपर सूरज करकेरा ने कमाल का बचाव किया। शुरुआती हाफ में मुकाबला बराबरी का रहा लेकिन मध्यांतर के बाद ऑस्ट्रेलिया ने मैच पर दबदबा बनाना शुरू कर दिया। भारत ने भी इस दौरान तीसरे क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया को माकूल जवाब दिया। आखिरी क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये इसमें से हेवर्ड ने दूसरे प्रयास को गोल को बदल की टीम को बढ़त दिला दी।

हेवर्ड के तेज प्रहार को कृष्ण बहादुर की जगह टीम में शामिल हुए करकेरा रोकने में विफल रहे। बढ़त हासिल करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने और आक्रामक खेल शुरू किया। इस दौरान अगले छह मिनट में टीम ने तीन और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये। वेल्च ने 54वें मिनट में गोल कर ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को 3-1 कर दिया। भारत ने भी आखिरी चार मिनट में तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन टीम ने सभी मौकों को जाया कर दिया। श्रृंखला का आखिरी टेस्ट शनिवार को खेला जायेगा।

# अधिकतर विदेशी खिलाड़ियों के पास ही रही है सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी



नई दिल्ली। पैट कमिंस की कप्तानी में आईपीएल 2024 में खेल रही सनराइजर्स हैदराबाद की कमान अधिक अधिकतर विदेशी खिलाड़ियों के हाथों में रही है। इस टीम ने पिछले 12 साल में 10 कप्तान बदले हैं। इसमें से 7 विदेशी खिलाड़ी रहे हैं। साल 2016 में डेविड वार्नर की कप्तानी में खिताब विजेता रही इस टीम ने अलग-अलग समय पर ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाड़ियों को कप्तान बनाया है। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आईपीएल में पहली बार 2013 में उतरी थी। इसके पहले ये टीम डेक्कन चार्जर्स के नाम से लीग में उतरती थी। साल 2012 में टीम को सन समूह ने खरीद लिया। इस समूह ने इसके बाद टीम का नाम बदल लिया। तब श्रीलंका के कुमार संगकारा कप्तान थे। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने साल 2013 से 2024 के बीच 10 खिलाड़ियों को कप्तान के तौर पर रखा है। इनमें कुमार संगकारा, कैमरून वॉइट, शिखर धवन, डैरेन सैमी, डेविड वॉर्नर, केन विलियम्सन, भुवनेश्वर कुमार, मनीष पांडे, एडेन मार्करम और पैट कमिंस आदि हैं। इससे साफ है कि शिखर धवन को छोड़ दिया जाए तो सनराइजर्स हैदराबाद ने किसी भी भारतीय खिलाड़ी को अपनी टीम का नियमित कप्तान नहीं बनाया। शिखर ने 2013-14 में 16 मैचों की कप्तानी की, जिनमें से 7 में जीत मिली और 9 में हार का सामना करना पड़ा। सनराइजर्स ने इस सत्र में अपने 5 में से 3 मैच जीते हैं। सनराइजर्स ने अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स को हराया था। इस जीत के साथ ही अब वह 4 टीमों में शामिल हो गई है, जिन्होंने लीग में 3-3 मैच जीते हैं। लीग में सबसे अधिक 4 मैच राजस्थान रॉयल्स ने जीते हैं।

# विनेश ने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पर ओलंपिक जाने से रोकने का आरोप लगाया, महासंघ ने दिया जवाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय कुश्ती महासंघ उनके सहयोगी स्टाफ को मान्यता पत्र जारी नहीं करके उन्हें हर हालत में ओलंपिक खेलने से रोकना चाहता है जबकि महासंघ का दावा है कि समय सीमा खत्म होने के बाद उसने आवेदन किया था। विनेश ने अपने खिलाफ डोपिंग की साजिश रचे जाने की भी आशंका जताई।

29 वर्ष की विनेश ने 2019 और 2022 विश्व चैम्पियनशिप में 53 किलो में कांस्य और 2018 एशियाई खेलों में 50 किलो में स्वर्ण पदक जीता था। वह अगले सप्ताह किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले एशियाई क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिये 50 किलो में ओलंपिक कोटा हासिल करना चाहती है। पटियाला में चयन ट्रायल में उन्होंने 53 किलो में भी भाग लिया था लेकिन सेमीफाइनल में हार गई थी।

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने कहा कि कोच और फिजियो को मान्यता पत्र जारी करने के लिए विनेश का ईमेल 18 मार्च को मिला लेकिन तब तक युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग को खिलाड़ियों, कोचों और मेडिकल स्टाफ की सूची भेजी जा चुकी थी। रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 11 मार्च थी। एक अधिकारी ने कहा कि महासंघ ने 15 मार्च को प्रविष्टियां भेजी क्योंकि यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने उसके अनुरोध पर कुछ दिन की रियायत दी थी। यह रियायत इसलिए मांगी गई थी क्योंकि समय सीमा खत्म होने के आखिरी दिन ही ट्रायल पूरे हुए थे।

विनेश ने एक्स पर लंबी पोस्ट में लिखा, 'बृजभूषण और उसके द्वारा बिठाया गया डमी संजय सिंह हर तरीके से प्रयास कर रहे हैं कि कैसे मुझे ओलंपिक में खेलने से रोका जा सके। जो टीम के साथ कोच लगाए गए हैं, वे सभी बृजभूषण और उसकी टीम के चहेते हैं तो इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि वो मेरे मैच के दौरान मेरे पानी में कुछ मिला कर पिला दें।'

उन्होंने कहा, 'अगर मैं ऐसा कहूं कि मुझे डोप में फंसाने की साजिश हो सकती है तो गलत नहीं होगा। हमें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही। इतनी महत्वपूर्ण स्पर्धा से पहले हमारे साथ ऐसे मानसिक उत्पीड़न कहां तक जायज है।' विनेश ने कहा, '19 अप्रैल को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर शुरू हो रहा है। मैं लगातार एक महीने से भारत सरकार (साइ, टॉप्स) सभी से मेरे कोच और फिजियो की मान्यता के लिये अनुरोध कर रही हूं। मान्यता पत्र के बिना मेरे कोच और फिजियो प्रतिस्पर्धा परिसर में मेरे साथ नहीं जा सकते लेकिन बारंबार अनुरोध के बावजूद ठोस जवाब नहीं मिल रहा है। कोई भी मदद को तैयार नहीं है। क्या हमेशा ऐसे ही खिलाड़ियों के भविष्य के साथ खेला जाता रहेगा।'

डब्ल्यूएफआई के एक अधिकारी ने कहा कि विनेश के निजी कोच और फिजियो के साथ जाने में उन्हें कोई ऐतराज नहीं है लेकिन प्रविष्टियां भेजने की समय सीमा निकल जाने के कारण अब उसे यूडब्ल्यूडब्ल्यू से खुद मान्यता पत्र लेना होगा। उन्होंने कहा, 'उसका ई मेल तदर्थ समिति और टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के सीईओ के ध्यानार्थ है हालांकि महासंघ को भी मार्क किया गया है। उसने 18 मार्च को आवेदन भेजा था लेकिन तब तक सहयोगी स्टाफ का रजिस्ट्रेशन हो चुका था।'

उन्होंने कहा, 'हमें मंत्रालय या साइ से कोई निर्देश नहीं मिला कि विनेश के निजी कोच का नाम भी सूची में जोड़ा जाए। हम कोशिश कर सकते थे बशर्ते ऐसे निर्देश होते। हम दस खिलाड़ियों के साथ तीन कोच भेज सकते हैं। नौ कोच पहले ही से बिश्केक में एशियाई चैम्पियनशिप के लिए हैं और ये ही एशियाई क्वालीफायर के लिए भी रूकेंगे जिसमें पांच महिला पहलवान ही भाग ले रही हैं। क्या पांच



पहलवानों के लिए तीन कोच काफी नहीं है।'

उन्होंने कहा, 'अतिरिक्त कोच की क्या जरूरत है। विनेश को निजी कोच चाहिए तो वह यूडब्ल्यूडब्ल्यू से मान्यता ले सकती है। हमें कोई ऐतराज नहीं है।' डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने कहा कि विश्व चैम्पियनशिप 2019 के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया ने भी निजी कोच ले जाने का अनुरोध किया था। इसी तरह ग्रीको रोमन कोच अनिल पंडित के लिए भी अनुरोध मिला था। उन्होंने कहा, 'उन्होंने भी ऐसे ही ईमेल भेजे थे लेकिन हमें सरकार से कोई निर्देश नहीं मिला है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ विनेश को निशाना बनाया जा रहा है। हमारे लिए सभी एक समान हैं।'

विनेश देश के उन तीन शीर्ष पहलवानों में से है जिन्होंने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोप लगाकर प्रदर्शन की अगुवाई की थी। दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण के खिलाफ मामला दर्ज की लेकिन जुलाई में स्थानीय अदालत से उन्हें जमानत मिल गई। विनेश ने लिखा, 'क्या अब देश के लिए खेलने जाने से पहले भी हमारे साथ राजनीति होगी क्योंकि हमने यौन उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाई। क्या हमारे देश में गलत के खिलाफ आवाज उठाने की यही सजा है। उम्मीद है कि देश के लिए खेलने जाने से पहले तो हमें न्याय मिलेगा।'

# धाविका ज्योति को प्रशिक्षण के लिए स्पेन भेजेगा खेल मंत्रालय

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय धाविका ज्योति याराजी सहित कई खिलाड़ियों को आगामी पेरिस ओलंपिक को देखते हुए प्रशिक्षण के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। इसी के तहत ही मंत्रालय ने ज्योति को स्पेन भेजे जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। ज्योति ने इससे पहले हुए हांगझोउ एशियाड में 100 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता था। खेल मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) के अनुसार यह एथलीट डेढ़ माह के लिए स्पेन जाकर अभ्यास करेंगी।

इस दौरान सरकार उनके सभी प्रकार के खर्च खेल मंत्रालय उठाएगा। इसमें आने-जाने के किराये के साथ ही रहने ओर स्थानीय परिवहन के अलावा अन्य सभी प्रकार के खर्च भी शामिल रहेंगे, इस दौरान उन्हें हर दिन के हिसाब से भत्ता भी दिया जाएगा। ज्योति के अलावा एमओसी ने बैडमिंटन खिलाड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के पेरिस ओलंपिक से पहले अभ्यास के लिए जोड़ीदार को लेकर एक वित्तीय सहायता का प्रस्ताव भी स्वीकार कर लिया है। चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज दोनों ही जून में मुंबई में स्कॉटलैंड के एलेक्जैंडर डुन और एडम हाल तथा इसके बाद जुलाई में इंडोनेशिया के रेन एगुंग और बेरी एग्रियावान के साथ हैदराबाद में अभ्यास करेंगे। एमओसी ने निशानेबाज रेजा ढिल्लों और राजेश्वरी कुमार के विदेश में प्रशिक्षण के प्रस्ताव को भी मंजूर कर दिया। रेजा अपने व्यक्तिगत कोच के साथ जबकि राजेश्वरी कोच डेविड कोस्टेलेकी के साथ इटली में ट्रेनिंग करेंगी।




बच्चा अपने दोस्त से बोला: कल मेरे घर लड़का पैदा होगा !
दोस्त: वाह, क्या बात कर रहे हो, पर तुम्हें कैसे पता कि लड़का ही पैदा होगा।
बच्चा बोला: अरे साफ है, पिछली दफा मेरी मम्मी को पेट दर्द हुआ था और उसके अगले दिन मेरी मम्मी को लड़की पैदा हुई। इस बार मेरे पापा को पेटदर्द हो रहा है, तो बात साफ है कि लड़का ही पैदा होगा !

●●●●

एक बार दो पागलों को कहीं से तीन बम मिल गये।
पहला-चलो इन्हें पुलिस के हवाले कर देते हैं।
दूसरा -अगर रास्ते में एक फट गया तो।
पहला-तो कह देंगे कि दो ही मिले थे।

●●●●

मोहन पहली बार किसी बड़े शहर में आया था। वह एक होटल में घुसा। होटल का कर्मचारी उसका सामान उठाकर चल पड़ा। मोहन भी उसके पीछे-पीछे चलने लगा। जैसे ही दरवाजा बंद हुआ, मोहन ने चारों तरफ देखा। उसने उस कर्मचारी पर गुस्सा होते हुए कहा, मैं देहात से आया हूं तो इसका मतलब यह नहीं कि मैं शहर के बारे में नहीं जानता। मुझे पता है तुम मुझे मूर्ख बना रहे हो। मैंने कमरे के लिए बहुत रुपए दिए हैं। यह कमरा बिल्कुल नहीं चलेगा। न रोशनी न हवा के आने-जाने का कोई रास्ता है। यह तो इतना छोटा है कि इसमें चारपाई भी नहीं लगाई जा सकती है।
कर्मचारी ने कहा, सर, यह आपका कमरा नहीं है, यह तो लिफ्ट है।

●●●●

संदीप का गधा गुम हो गया था। वह अपने घुटने पर बैठकर भगवान का शुक्रिया अदा कर रहा था।
राह चलते एक मुसाफिर ने यह देखा तो संदीप से पूछा, आप का गधा गुम हो गया है और आप भगवान को धन्यवाद कह रहे हैं?
संदीप ने जवाब दिया, मैं उन्हें धन्यवाद दे रहा हूं कि मैं उस वक्त गधे पर बैठा हुआ नहीं था वर्ना उसके साथ मैं भी गुम हो जाता।

# तरबूज का पेड़

गपलू ने किसी दोस्त की बात का जवाब नहीं दिया। वो तो बस चुपचाप चलता जा रहा था। फिर वे सभी ऐसे मैदान में पहुंचे, जहां अकसर मेला लगता था। इन दिनों भी वहां मेला लगा हुआ था। गपलू अंदर पहुंचा और बाकी बच्चों को बुलाने लगा। वहां एक पेड़ सजा हुआ था।
गपलू अपने दोस्तों के साथ गांव की पोखर के किनारे घूम रहा था। तभी उसे बेल के पेड़ पर बहुत सारे बेल लगे दिखे। उसने कहा, 'अरे देखो, देखो पेड़ पर कितने तरबूज लग रहे हैं। मजा आ गया। आज तो मैं खूब तरबूज खाऊंगा'। दोस्तों ने उसकी हंसी उड़ाई, 'पागल कहीं का । इतना भी नहीं जानता, यह बेलपत्र का पेड़ है। इस पर तरबूज कैसे लग सकते हैं'?
'लग सकते हैं। मैंने देखे हैं। खाए भी हैं। उनमें काले बीज भी नहीं होते हैं और इतने मीठे कि पूछो मत', गपलू ने जवाब दिया।
'कहां देखा तरबूज का पेड़। हमें भी दिखा। लगा सौ रुपए की शर्त', बबलू बोला।
'शर्त क्यों लगाऊं जब मैंने देखे हैं', गपलू नाराज हो गया। 'इसमें नाराज होने की क्या बात है। वैसे तेरा नाम गपलू की जगह गपोड़ी होना चाहिए। कभी तुझे आसमान से बारिश में पानी की जगह मछली बरसती दिखती हैं, कभी पेड़ पर तरबूज। इम्तिहान में यह सब लिख देगा तो जीरो बटे अंडा मिलेगा', टिंकू हंसते हुए कहने लगा। तब बबली ने गपलू का पक्ष लेते हुए कहा, 'हो सकता है उसने तरबूज का पेड़ देखा हो। क्या पता कहीं तरबूज पेड़ पर लगते भी हों'।
'तो दिखाए न तरबूज का पेड़। दिखा देगा तो हम उसकी बात मान लेंगे'। 'चलो मैं मंदिर वाले बाबा से पुछवा देता हूं', गपलू ने कहा तो वे सब मंदिर की तरफ चल पड़े। बाबा पूजा कर रहे थे, तो सब सीढ़ियों पर बैठ गए। पूजा खत्म होने के बाद बाबा उनकी ही तरफ ही आए। प्रसाद देते हुए बोले, 'तो आज यह वानर सेना मंदिर की तरफ क्या करने आई है'?
'कुछ नहीं बाबा यह गपलू कह रहा है कि इसने ऐसा पेड़ देखा है जिस पर तरबूज लगते हैं। हमने कहा कि ऐसा हो ही नहीं सकता तो इसने कहा कि चलो मैं मंदिर वाले बाबा जी से पुछवा देता हूं। आपने भी देखा है ऐसा पेड़'? बच्चों ने पूछा।
उनकी बात सुनकर बाबा मुस्कुराने लगे, 'क्यों भई गपलू मुझे कब दिखाया तुमने ऐसा पेड़'? 'आपको उस दिन मैंने बताया नहीं था उसके बारे में'।
अब बाबा क्या कहें? वह चुप।
'बताइए न बाबा, देखा है आपने ऐसा पेड़। यह बबली भी कह रही थी कि हो सकता है गपलू ने ऐसा पेड़ देखा हो'।
'भाई, अभी तक तो नहीं देखा, क्यों गपलू, तुमने सपना तो नहीं देखा था'।
'नहीं जी सपना नहीं, सच्ची-मुच्ची देखा था ऐसा पेड़। आपको भी बताया था। भूल गए होंगे आप। या कहीं और ध्यान होगा और मेरी बात नहीं सुनी होगी ठीक से'।
'तो तुम इन्हें भी दिखा दो'।
'सिर्फ तरबूज का पेड़ ही नहीं, मैंने तो संतरे की बेल भी देखी है', गपलू ने आगे कहा।
'उससे तोड़कर संतरे खाए भी होंगे', दोस्तों ने उसका मजाक उड़ाया तो गपलू रूठकर चला गया। वे सब उसके पीछे हो-हो करके भागे। अगले दिन गपलू के दोस्तों ने स्कूल में दूसरे बच्चों को यह बात बता दी। अब तो उसका नाम ही पड़ गया - तरबूज का पेड़। जहां से गपलू गुजरता बच्चे उसे पुकारते—देखो वह जा रहा है तरबूज का पेड़। एक दिन किसी बच्चे ने ब्लैक बोर्ड पर एक बच्चे का चित्र बनाया और नीचे लिख दिया तरबूज का पेड़।
टीचर ने आकर ब्लैक बोर्ड पर लिखा देखा तो पूछा—'तरबूज का पेड़, यह क्या बला है भला'?
बच्चों ने कुछ नहीं कहा। सब मुंह नीचा करके हंसने लगे। तभी गपलू खड़ा हो गया, 'मैडम, मैंने देखा है तरबूज का पेड़'।
'तुमने देखा है, मगर मैंने नहीं देखा'।
'टीचर यह कहता है कि इसने संतरे की बेल भी देखी है'। बच्चों की बात सुनकर टीचर भी हंसने लगीं, 'क्यों गपलू, इन दिनों पढ़ाई के मुकाबले कहानियों और सपनों में ज्यादा रहने लगे हो'।
टीचर के जाने के बाद गपलू क्लास से बाहर निकला तो सब बच्चे कहने लगे, 'ऐसा कैसे हो सकता है कि सिर्फ तूने ही देखा वह पेड़। क्या वह तेरे लिए खास तौर से उगा था, जो और किसी ने नहीं देखा'।
'नहीं, मेरे साथ और भी बहुत से लोगों ने देखा था। मैं तुम सबको भी दिखा सकता हूं'।
अब तो बच्चो चकित। सब एक साथ बोले, 'तो बता कब दिखाएगा'।
'अभी चलो। छुट्टी के बाद'।
'छुट्टी के बाद घर नहीं जाएंगे तो घर वाले परेशान होंगे। इतवार को चलें'।
'ठीक है इतवार को। जो तरबूज का पेड़ देखना चाहते हैं मेरे साथ चलें'।
बच्चे तैयार हो गए। इतवार के दिन तय प्रोग्राम के हिसाब से गपलू आगे-आगे और बच्चे उसके पीछे। रास्ते से कोई मूंगफली खरीदता, कोई गोलगप्पे खाता। ऐसा लग रहा था जैसे कि सारे बच्चे पिकनिक पर निकले हों।
जब चलते देर हो गई तो टिंकू ने पूछा, 'क्यों रे गपलू यार क्या चलाते-चलाते पांव तोड़ेगा। चांद पर तो नहीं ले जा रहा कहीं हमें। क्या पता तेरे लिए चांद भी दिन में धरती पर उतर आया हो'। 'चांद पर नहीं यह तो अंटार्कटिका की तरफ जा रहा है'।
गपलू ने किसी बात का जवाब नहीं दिया। फिर वे ऐसे मैदान में पहुंचे, जहां अकसर मेला लगता था। इन दिनों भी वहां मेला लगा हुआ था। गपलू अंदर पहुंचा और बाकी बच्चों को बुलाने लगा। वहां एक पेड़ सजा हुआ था, जिस पर ढेर से मिट्टी के बने तरबूज लटके थे।
'देखो यह है तरबूज का पेड़'।
'यह। मगर इस पर तो मिट्टी के तरबूज लगे हैं। खिलौने। पागल बना रहा है। तू तो कह रहा था कि तूने खाए भी हैं। बहुत मीठे थे'।
'हां, इसके नीचे बैठकर मैंने मीठे तरबूज खाए थे। और देखो वह रही संतरे की बेल'। सचमुच एक बेल पेड़ से लिपटी थी, उस पर संतरे लटके थे।
यह देखकर बबली ने कहा, 'मैं कह रही थी न कि हो सकता है कि गपलू ने ऐसा पेड़ देखा हो'।
'चुप रह'। एक बच्चे ने बबली की नकल उतारी-'मैं कह रही थी न कि हो सकता है गपलू ने ऐसा पेड़ देखा हो। चमची कहीं की।' बच्चे फिर लौट चले। वाह उस्ताद कहानी सुनाने वाला तो तुम्हारे जैसा होना चाहिए। मेले में नकली पेड़ और नकली तरबूज दिखाकर सबको उल्लू बना दिया। लौट चले सब बच्चे। लेकिन अगले दिन से किसी ने भी गपलू को तरबूज का पेड़ कहकर नहीं पुकारा।



## पहेलियाँ

एक गांव में आग लगी,
दूसरे गांव में धुआं,
चलो मित्र चलकर देखें,
उठा भूमि का कुआं।

●●●

टोपी है हरी मेरी,
लाल है दुशाला,
पेट में अजीब लगी,
दानों की माला।

●●●

ऊपर से तो है हरा,
अन्दर से है लाल,
उतना मीठा रस भरा,
जितनी मोटी खाल।

●●●

हरी डंडी,
लाल कमान,
तौबा-तौबा,
करे इंसान।

●●●

एक मुर्गा आता है,
चल-चल कर रुक जाता है,
चाकू लाओ गर्दन काटे,
फिर चलने लग जाता हैं।

●●●

उत्तर - हुक्का, मिर्च, तरबूज,
लाल मिर्च, पेंसिल




# कोड वर्ड में बात करते हैं पेड़-पौधे!



यह तो तुमने सुना ही होगा कि अगर पौधों से बात करो तो वो तेजी से बढ़ते हैं। तुमने कभी सोचा है कि इसके पीछे कारण क्या होता है? क्या ये पौधे हमारी बात समझ पाते हैं? इसका तो पता नहीं, लेकिन हां, हाल ही में विज्ञानियों ने इस बात का पता लगाया है कि पौधे आपस में जरूर बात करते हैं। इनकी कोड लैंग्वेज होती है, जिससे वे एक-दूसरे को इशारे देते हैं। शोध में वैज्ञानिकों ने बंदगोभी के पौधे पर यह प्रयोग किया। उन्होंने पाया कि खास तरह की गतिविधि में पौधे खास तरह की गैस या गंध छोड़ते हैं, जिन्हें वे आमतौर पर नहीं छोड़ते। हालांकि वैज्ञानिक अभी इस बात पर शोध कर रहे हैं कि पौधे केवल खतरे की सूचना पाने पर ही सक्रिय होते हैं या आमतौर पर वे इस तरह से सांकेतिक बातें करते हैं। इस तरह के शोध पहले भी कई बार होते रहे हैं, जिनमें इस बात का खुलासा हुआ है कि पेड़ों में हमारी-तुम्हारी तरह जान होती है और वे दर्द को महसूस कर सकते हैं। हालांकि हाल ही में हुए एक शोध में इस बात से इनकार किया गया है कि पौधों से फल या फूल तोड़ते हुए उन्हें दर्द होता है। विज्ञानियों ने कहा है कि पेड़ दर्द का एहसास नहीं कर पाते हैं।

**शोध चाहे जो कहें, तुम इस बात को हमेशा याद रखो कि तुम्हें कभी भी पौधों को बेवजह हिलाना, उन्हें तोड़ना नहीं चाहिए।**







## माचिस की तीलियों से महल का मॉडल!



अमेरिका में कलाकार पैट एक्टन ने माचिस की तीलियों से महलों के मॉडल बनाए हैं। पैट द्वारा बनाए गए मॉडल महल म्यूजियम में रखे गए हैं। अपने आर्टवर्क को तैयार करने के लिए पैट बिना सल्फर टिप वाली तीलियां खरीदते हैं। हालांकि ये तीलियां उन्हें ऑर्डर देकर बनवानी पड़ती हैं। अब तक उन्होंने इस तरह के 100 से अधिक मॉडल बनाए हैं। पैट इन मॉडलों से मिले रुपयों को चैरिटी के लिए खर्च करते हैं।

# शादी को प्राइवेट ही रखना चाहती हैं तापसी पन्नू



बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू की प्राइवेट वेडिंग सेरेमनी के कई वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इसी बीच एक्ट्रेस ने पहली बार अपनी प्राइवेट वेडिंग पर बात की है। एक्ट्रेस ने कहा कि वो इसे प्राइवेट और पर्सनल ही रखना चाहती हैं। एक इंटरव्यू में जब तापसी से पूछा गया कि वो अपनी शादी को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट कब करेंगी तो एक्ट्रेस ने कहा, 'मैं इस बात को लेकर श्योर नहीं हूं कि मैं अपनी पर्सनल लाइफ में लोगों को इन्वॉल्व करना चाहती हूं या नहीं। मैंने जो किया वो मेरा फैसला है, ना कि मेरे पार्टनर का और ना ही उन लोगों का जो इस शादी में शामिल हुए थे। मैं श्योर नहीं हूं कि इसके पब्लिक होने पर मैं कैसा फील करूंगी इसलिए मैंने अब तक इसे अपने तक ही सीमित रखा है।'

### जो करीबी थे उन्हें पता था

हालांकि, तापसी ने यह भी कहा कि उन्होंने जान बूझकर अपनी शादी को सीक्रेट नहीं रखा। एक्ट्रेस बोलीं, 'जो लोग वाकई मेरे करीब हैं वो इस सेलिब्रेशन का हिस्सा थे। उन्हें हमेशा से ही मेरे रिलेशनशिप के बारे में पता था और यह भी पता था कि मैं कब शादी करूंगी।'

### अपनी शादी एंजॉय नहीं कर पाती

तापसी ने आगे कहा, 'मैं बस इसे पब्लिक अफेयर नहीं बनाना चाहती थी क्योंकि तब मुझे इस बात की टेंशन होती कि इसे पब्लिक में किस तरह से लिया जा रहा है। ऐसे में कहीं ना कहीं मैं खुद अपनी शादी खुलकर एंजॉय नहीं कर पाती।'

### फोटोज शेयर करने के लिए मेंटली प्रिपेयर नहीं हूं

वहीं जब पूछा गया कि क्या वो आने वाले समय में इस फंक्शन के फोटोज और वीडियोज शेयर करेंगी तो एक्ट्रेस ने कहा, 'नहीं, मेरा ऐसा कोई प्लान नहीं है। मैं अभी इसके लिए मेंटली प्रिपेयर नहीं हूं। जो लोग मेरी शादी में थे उनके सामने में कम्फर्टेबल थी पर पब्लिकली इन्हें शेयर करने के लिए मैं अभी तैयार नहीं हूं। फ्यूचर में कभी कम्फर्टेबल हुई तो शायद मैं अपनी शादी के फोटो-वीडियो शेयर करूं पर फिलहाल तो नहीं।'



## जूनियर एनटीआर की देवारा से जुड़े करण जौहर

जूनियर एनटीआर स्टारर 'देवारा- पार्ट 1' से अब फिल्ममेकर करण जौहर जुड़ चुके हैं। करण ने अक्टूबर में रिलीज होने जा रही इस फिल्म के नॉर्थ इंडियन थिएट्रिकल डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स खरीदे हैं। इस डील में करण का साथ रवीना टंडन के पति अनिल थडानी की कंपनी एए फिल्म्स भी देगी। दोनों ने युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स के साथ मिलकर यह कोलैबोरेशन किया है। इससे पहले करण 'बाहुबली', 'गाजी अटैक', 'बाहुबली 2' और 'रोबोट 2.0' से भी बतौर प्रेजेंटर जुड़ चुके हैं। इस डील की जानकारी देते हुए करण ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, 'मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवारा' का हिस्सा बनकर सम्मानित और बेहद आभारी महसूस कर रहा हूं। हम भारतीय सिनेमा में अगले बड़े सिनेमैटिक एक्सपीरियंस के लिए नॉर्थ स्टेट्स में इस फिल्म से बतौर डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर जुड़े हैं।' इससे पहले यह फिल्म इस साल 5 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, मेकर्स ने इसे वीएफएक्स वर्क अधूरा रहने के चलते टाल दिया था। अब यह इस साल दशहरा पर 10 अक्टूबर को रिलीज होगी। दो पार्ट्स में रिलीज होने वाली इस फिल्म का पहला पार्ट तेलुगु, तमिल, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगा। फिल्म में जूनियर एनटीआर के अलावा सैफ अली खान और जान्हवी कपूर भी नजर आएंगी। इसे कोरतल्ला शिवा ने डायरेक्ट किया है। वर्कफ्रंट पर जूनियर एनटीआर जल्द ही मुंबई में अपनी अगली फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग शुरू करेंगे। इसमें वो ऋतिक रोशन से फेस ऑफ करते नजर आएंगे।

## अंकिता ने शादी की वजह से ठुकराई थी भंसाली की रामलीला



कंगना रणौत एक ओर बीजेपी की टिकट पर अपनी राजनीतिक पारी खेलने को तैयार हैं, वहीं दूसरी ओर वे राजनीतिक ड्रामा फिल्म इमरजेंसी भी दर्शकों के सामने लाने वाली हैं। इस फिल्म में कंगना भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाती नजर आएंगी। इस बीच हाल ही में दिए साक्षात्कार में फिल्म के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने महिलाओं के लिए अपनी बात सामने रखी और साथ ही फिल्म के लिए अपना दृष्टिकोण साझा किया। कंगना पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार के साथ सिनेमाई इतिहास बनाने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री ने न केवल अभिनय किया है, बल्कि फिल्म का निर्देशन भी किया है। अभिनेत्री ने इस बारे में बात की कि आखिर इंदिरा गांधी के जीवन पर आधारित यह फिल्म क्यों बनाई। कंगना का कहना है कि साल की सबसे बड़ी राजनीतिक ड्रामा रिलीज में से एक मानी जाने वाली इस फिल्म का उद्देश्य इतिहास पर एक वास्तविक चित्रण प्रदान करना है।

कंगना रनौत ने कहा कि जैसा कि मैंने हमेशा कहा है, चाहे वह इंदिरा गांधी हों या कोई अन्य महिला, मुझे महिलाओं के प्रति बहुत सहानुभूति है। मैं इसका दिखावा नहीं कर सकती और मेरे दिल में महिलाओं के लिए सम्मान भी है, इसलिए मैंने उनके लिए बहुत काम किया है। मैंने इंदिरा गांधी के पूरे जीवन पर आधारित एक फिल्म बनाई है और जब आप एक कलाकार होते हैं तो हर चीज प्रेरणा का काम करती है। उन्हीं भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मैंने वह फिल्म बनाई, इसलिए जब यह सामने आएगी तो मुझे लगता है कि हर किसी को यह पसंद आएगी। उन्हें इसे एक मनोरंजन फिल्म के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हमारे संविधान के साथ जो घटनाएं घटीं, उन घटनाओं के पीछे क्या कारण हैं? उन कारणों पर ध्यान देना चाहिए, ताकि भविष्य में हमारे संविधान के साथ कोई छेड़छाड़ न हो। एक नेता की विश्वसनीयता, गहरी छिपी सुरक्षा, असुरक्षा, ताकत या कमजोरी, सभी कारकों पर विचार किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में हमारे संविधान में कोई हस्तक्षेप न हो, इसलिए मैंने यह फिल्म बनाई। कंगना रनौत द्वारा लिखित और निर्देशित इमरजेंसी में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## अब अंताक्षरी शो के होस्ट बनेंगे कपिल



साल 2006 में पहली बार टेलीविजन पर पंजाबी रियलिटी शो 'हंसदे हंसादे रवो' में कैमरे के सामने आए कॉमेडियन कपिल शर्मा का नेटफ्लिक्स पर प्रसारित हो रहा शो रंग जमाने में नाकाम रहा। नेटफ्लिक्स प्रबंधन अब इस कोशिश में है कि कैसे तरह इस शो के बचे हुए एपिसोड के लिए दर्शकों की रुचि बरकरार रखी जाए। इस बारे में दर्शकों की राय जानने के लिए बाकायदा सर्वे हो रहे हैं। इस बीच पता चला है कि कपिल शर्मा अब फिर से टेलीविजन पर एक शो होस्ट की तरह लौटने के जुगाड़ में हैं। अमेरिकी ओटीटी नेटफ्लिक्स के लिए कपिल शर्मा ने खुद ही अपनी कंपनी के बैनर तले एक साप्ताहिक कॉमेडी शो बनाया है, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो'। इस शो के अब तक दो एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं और दोनों ही एपिसोड से उनके प्रशंसक खासे निराश हुए हैं। इस शो को 10 लेखकों की टीम मिलकर लिख रही है लेकिन मामला जम नहीं पा रहा।

## आउटफिट को लेकर फिर ट्रोल हुईं भूमि



भूमि पेडनेकर अपनी निजी जिंदगी को अलावा अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री इन दिनों अपने आगामी वर्क प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। हाल ही में, भूमि ईद पार्टी की हिस्सा बनी थीं। इस पार्टी में अभिनेत्री ब्लैक और गोल्डन आउटफिट में नजर आईं। अभिनेत्री की तस्वीरें जैसी ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा कि यह सांस रोककर क्यों खड़ी होती हैं।

## अब सिंगल से मिंगल होने को तैयार हैं कार्तिक



कार्तिक आर्यन अपने चार्म से फीमेल फैंस को दीवाना बनाते आए हैं। अपनी एक्टिंग के साथ ही वो अपने गुड लुक्स से भी लोगों का दिल जीतते रहे हैं। एक्टर का नाम उनकी को-एक्ट्रेसेज के साथ भी कई बार जुड़ चुका है। कभी सारा अली खान तो कभी जाह्नवी कपूर के साथ उनकी डेटिंग रूमर्स सामने आईं, लेकिन अब काफी वक्त से भूल भुलैया 2 एक्टर किसी को डेट नहीं कर रहे हैं, वो लव रिलेशन से पूरी तरह दूर हैं, लेकिन हाल में ही उन्होंने रिलेशनशिप में आने का मन बना लिया है और ऐलान कर दिया है कि वो अब किसी को अपनी लाइफ में स्पेशल जगह देने के लिए पूरी तरह तैयार हो गए हैं और उन्होंने इसके लिए एक बी-टाउन हसीना को बड़ा जिम्मा भी सौंपा है। बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन शो नो फिल्टर नेहा के फिनाले एपिसोड में नजर आए। नो फिल्टर नेहा सीजन 6 के एक मजेदार सेगमेंट में नेहा ने कार्तिक से पूछा कि क्या वह सिंगल हैं और रिलेशनशिप के लिए तैयार हैं, इस पर एक्टर ने कहा, फिलहाल मैं पूरी तरह से सिंगल हूं। काफी समय हो गया है मैं किसी भी तरह के रिश्ते से दूर हूं। मतलब यह थोड़ा सा घिसा-पिटा जवाब है, लेकिन वास्तव में मैं अपनी फिल्म चंदू चैंपियन पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं और उसमें बहुत सारे फोकस की जरूरत है। शो में पहुंचे एक्टर ने कहा, फिल्म इंडस्ट्री में कई सालों की भागदौड़ के बाद अब मुझे प्यार करने के लिए समय मिल गया है। मैंने शो की होस्ट नेहा धूपिया से भी अपने लिए किसी को ढूंढने के लिए कहा है।

### नेहा को दी जिम्मेदारी

कार्तिक ने कहा, जिस तरीके की चीजें इस फिल्म में थी वह मैंने पहले कभी नहीं की थी। मैंने दो साल तक इसकी तैयारी की। समय ही नहीं मिला, मैं हर चीज बहुत नीरस और एक रोबोटिक जीवनशैली में जी रहा था, लेकिन अब मेरे पास प्यार करने के लिए समय है। मेरे लिए कोई ढूंढो, नेहा। इस पर नेहा धूपिया भी एक्टर द्वारा दी गई जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाती नजर आईं।

## सलमान ने अनाउंस की अपनी अगली फिल्म 'सिकंदर'

सलमान खान ने ईद के मौके पर अपनी अगली फिल्म 'सिकंदर' की अनाउंसमेंट कर दी है। इस फिल्म को साउथ के मशहूर डायरेक्टर ए. आर. मुरुगाडोस डायरेक्ट करेंगे, जो इससे पहले 'गजनी' और 'हॉलीडे' जैसी हिंदी फिल्में डायरेक्टर कर चुके है। वहीं साजिद नाडियाडवाला इसके प्रोड्यूसर होगे। ईद के खास मौके पर सलमान ने सोशल मीडिया के जरिए इस फिल्म की अनाउंसमेंट की। उन्होंने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'इस ईद 'बड़े मियां छोटे मियां' और 'मैदान' को देखो और अगली ईद 'सिकंदर' से आ कर मिलो.. आप सभी को ईद मुबारक।' बता दें कि मुरुगाडोस और सलमान इससे पहले साथ में फिल्म 'जय हो' पर भी काम कर चुके हैं।



## दोहरी भूमिका में नजर आएंगे थलापति विजय

बॉक्स ऑफिस पर पिछली ब्लॉकबस्टर फिल्म लियो देने वाले अभिनेता थलापति विजय इन दिनों अपनी अगली फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को लेकर खासी सुर्खियों में हैं। गुरुवार को इस फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म के प्रदर्शन तिथि की घोषणा की। विजय की यह फिल्म लंबे समय से सुर्खियों में हैं। गुरुवार को फिल्म के निर्माताओं में से एक, ऐश्वर्या कल्पथी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की। इसके साथ उन्होंने फिल्म का एक पोस्टर भी साझा किया। पोस्टर में थलापति विजय दमदार लुक में नजर आ रहे हैं। ऐश्वर्या ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में जानकारी देते हुए बताया कि फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' 5 सितंबर, 2024 को रिलीज होगी। यह फिल्म बेहद खास होने वाली है। फिल्म के नए पोस्टर में विजय एकदम अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में एक विस्फोट होता हुआ भी दिखाई दे रहा है। हाल ही में, थलापति विजय का फिल्म के सेट से एक वीडियो भी वायरल हुआ था.



## हॉरर फिल्म में नजर आएंगे आयुष्मान

डायरेक्टर अनीस बज्मी इन दिनों भूल भुलैया 3 की शूटिंग में बिजी हैं। इसी के साथ खबर यह आ रही हैं कि अनीस बज्मी एक्टर आयुष्मान खुराना के साथ एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म शुरू करने वाले हैं, जिसका नाम भूतियापा बताया जा रहा है। हालांकि अभी तक इस फिल्म की ऑफिसियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। फिलहाल अनीस बज्मी का इस समय पूरा ध्यान भूल भुलैया 3 पर है, जिसमें कार्तिक आर्यन के अलावा विद्या बालन और तृप्ति डिमरी भी अहम किरदारों में दिखेंगी। इस फिल्म की शूटिंग के बाद अनीस बज्मी नो एंट्री 2 की तैयारी में जुट जाएंगे, जिसमें वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि नो एंट्री 2 के बाद अनीस बज्मी फिल्म भूतियापा पर काम शुरू करेंगे। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान आयुष्मान खुराना से अनीस बज्मी के साथ काम करने को लेकर सवाल किया गया तो आयुष्मान खुराना ने कहा - मैं अब इसे कैसे बताऊं। कुछ होगा तो जरूर बताऊंगा। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो पिछले दिनों अनीस बज्मी ने आयुष्मान खुराना ने फिल्म भूतियापा को लेकर बात की। आयुष्मान खुराना के वर्क फ्रंट की बात करें तो सौरव गांगुली की बायोपिक के अलावा जेपी दत्ता की फिल्म बॉर्डर 2 में काम करने की चर्चा है। फिलहाल आयुष्मान खुराना का फोकस अपने म्यूजिक करियर पर है। उन्होंने वार्नर म्यूजिक इंडिया से हाथ मिलाया है। उनका गाना अंख दा तारा हाल ही में रिलीज हुआ, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है।



# खुर्जा के कई गांवों में डा. महेश शर्मा ने किया तूफानी प्रचार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ससंदीय क्षेत्र गौतमबुद्धनगर की खुर्जा विधानसभा में सोलंकी फार्म हाउस जंक्शन रोड, राजनारायण की कोठी, रायल रिजोर्ट फार्म, मदार दरवाजा हनुमान टीला रोड, न्यूषिवपुरी, किला मैवई, ओम वाटिका सिटी रोड खुर्जा में डा. महेश शर्मा ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान लोकसभा के प्रत्याशी तथा सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा सबकी मंजिल एक है, यदि मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे तो भारत तेजी से आगे बढ़ेगा।



विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी खुर्जा विधायक मीनाक्षी सिंह, सिकन्दराबाद विधायक लक्ष्मीराज विधायक पूर्व विधायक विजेंद्र सिंह प्रदेश महासचिव लोकदल लेकर अरुण चौधरी ने डा. महेश शर्मा को मतदान करने की अपील की।

कार्यक्रम की संचालन महिला मोर्चा की अध्यक्ष उर्वशी जी ने किया। ब्लॉक प्रमुख मोनिका सिंह पुष्पांजलि शर्मा नरेंद्र भाटी जी विधान परिषद सदस्य, अरुण चौधरी प्रदेश महामंत्री लोकदल, तपेंद्र सिंह, कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र सिंह की बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, खुर्जा विधायक मीनाक्षी सिंह जी, सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मी राज जी, पूर्व विधायक विजेंद्र सिंह एडवोकेट सुमन कुमार सिंह, चौधरी वीरेंद्र लोर , अनिल सिंह ,रवि राणा, कई गांव के प्रधान पूर्व प्रधान, जिला पंचायत सदस्य विभिन्न कार्यक्रमों में, कार्यक्रम का संचालन अनिल सिंह जी ने किया, पूर्व जिला अध्यक्ष हिमांशु मित्तल, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिवाकर सिंह, सुधीर चौधरी, विजय सोलंकी ,महेंद्र सिंह किसान यूनियन मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र माचाड, पुष्पेंद्र राघव, नरेश सोलंकी, डीसी अग्रवाल मनीष शर्मा, शेखर पंडित, राम दिवाकर समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# नोएडा पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी

## गठबंधन प्रत्याशी को जिताने में जुट जाएं कार्यकर्ता : अविनाश पांडे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की बैठक लेने पहुंचे कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे, राष्ट्रीय सचिव व पश्चिम उत्तर प्रदेश के सहप्रभारी प्रदीप नरवाल व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विदित चौधरी तीनों नेताओं का स्वागत नोएडा पहुंचने पर नोएडा महानगर के अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में किया गया। राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे ने सभी नेता व कार्यकर्ताओं का आवाह्न करते कहा कि चुनाव में मजबूती से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नागर को विजयी बनाएं।



इस मौके पर नोएडा महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश यादव, लोकसभा के चुनाव प्रभारी सतीश शर्मा, प्रदेश महासचिव सुबोध शर्मा, प्रदेश सचिव योगी जाटव, एआईसीसी के पूर्व सदस्य दिनेश अवाना, पूर्व महानगर अध्यक्ष शाहबुद्दीन, पीसीसी सदस्य चरण सिंह यादव, अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव लियाकत चौधरी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य यतेन्द्र शर्मा, पूर्व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य, सत्येंद्र शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ललित अवाना,यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला ल,उदयवीर यादव,सुरेंद्र यादव,विक्रम चौधरी, सतीश कुमार, रोहित यादव,यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जावेद खान,चांद मोहम्मद, नोएडा महानगर की वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ सीमा,वीरेन्द्र मुखिया, सहित कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पहली बार वोट डालने पर सम्मानित करेगा व्यापार मंडल

## उप्र व्यापार मंडल ने चलाया मतदान जागरूकता अभियान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिलाधिकारी मनीष वर्मा के आह्वान पर उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल ने सेक्टर-49 नोएडा में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया।



प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन कहा कि इस बार नोएडा के बूथों पर प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं को सम्मानित करेंगे और सेल्फी प्वाइंट बनाकर लोगों को प्रेरणा स्वरूप जागरूक किया जाएगा। यदि हमें हमारा देश सुरक्षित चाहिए तो हमें सभी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना पड़ेगा। प्रदेश चेयरमैन नवगीत गुप्ता ने कहा कि चुनाव पर्व को हमें महापर्व में बदलना है। प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ सिंघल ने जागरूकता अभियान के तहत कहा कि ये एक ऐसा अवसर है जिसमें सभी को समान अधिकार मिलता है।

प्रदेश महामंत्री प्रवीन गर्ग ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व चुनाव में हमारी अहम भागीदारी होनी चाहिए। आपका एक वोट हमारे देश को सुरक्षित हाथों में पहुँचा सकता है। जिला सचिव सिवा चौहान ने कहा कि आप सभी मतदान में अवश्य हिस्सा लें।

प्रदेश अध्यक्ष जैन ने कहा कि इस बार हम हर गली हर कोने में हर व्यक्ति के साथ जाकर मिलेंगे और उसको समझाएंगे कि मतदान का क्या महत्व होता है। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया है कि कुछ बूथ पर जलपान का कार्यक्रम का आयोजन व्यापार मंडल द्वारा किया जाएगा।

# सेक्टर-55 आरडब्ल्यूए ने तीन गेट पर लगाये हाई रिजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-55 आरडब्ल्यूए में सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए नया बांस समिति एवं आरडब्ल्यूए सैक्टर-55 के सौजन्य से सेक्टर के आवागमन के तीनों गेटों पर हाई रेजोल्यूशन 360 डिग्री आईपी कैमरा विद वाई-फाई लगाने का उद्घाटन हुआ। जिससे कि सेक्टर-55 की सुरक्षा अब अत्यधिक सदृढ़ होगी।




इस कार्य के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि नया बांस समिति के अध्यक्ष जुगराल, सेक्रेटरी केके सक्सेना एवं सेक्टर 58 थाना अध्यक्ष अमित कुमार व सेक्टर 55 चौकी इंचार्ज चरण सिंह राणा रहे। तथा आरडब्ल्यूए-सेक्टर 55 अध्यक्ष सत्य नारायण गोयल, महासचिव राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा एवं समस्त आरडब्ल्यूए टीम उपस्थिति रही।

SAHARA BUILDER & PROPERTIES™
ISO 9001:2008
PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US :+919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308

# धूमधाम से मनाया वैसाखी का पर्व

## सैकड़ों लोगों ने उठाया शबद-कीर्तन व लंगर का पुण्यलाभ



**नोएडा ( चेतना मंच )।** पंजाबी विकास मंच द्वारा गुरुद्वारा साहिब सेक्टर-12 नोएडा में बैसाखी महोत्सव के पर्व को धूमधाम से मनाया गया तथा बैशाखी की परंपरानुसार श्रद्धापूर्वक शबद कीर्तन व लंगर किया गया।

पंजाबी विकास मंच के चेयरमैन दीपक विग तथा डिप्टी चेयरमैन संजीव पुरी ने कहा कि हर वर्ष बैसाखी 13 या 14 अप्रैल को मनाई जाती है इस दिन से ही हिंदू नव वर्ष की शुरुआत होती है। क्योंकि सूर्य स्वयं की राशि मेष में आता है सूर्य 12 राशियों का भ्रमण करने के बाद स्वयं की राशि मेष में उच्च का होता है सूर्य सभी ग्रहों का राजा है सूर्य के उच्च में आने के कारण इस दिन किसी भी नए कार्य की शुरुआत 'शुभ' मानी जाती है।

इस मौके पर विनोद ग्रोवर,जे एम सेठ, संरक्षक अध्यक्ष जी.के. बंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील वाधवा, एस पी कालरा, उपाध्यक्ष हरीश सभरवाल व प्रदीप वोहरा, कोषाध्यक्ष संजीव बांधा, सचिव सरोज भाटिया ,अलका सुद व एस एस सचदेवा,सह सचिव अमरदीप शाह,रितु दुग्गल व प्रभा जयरथ, ऑडिटर प्रेम अरोड़ा और अन्य पदाधिकारी, राजकुमार भट,संजय खत्री, अलका सूद, राज कुमार नारंग, सुनील वर्मा, सुषमा नेब, विद्यासागर विरमानी,सरोज भटिया,पिंकी गुप्ता, पी एस गुलाटी,जितेन सभरवाल, नरेंद्र दुग्गल, रमन वासन जी,गौरव जग्गी, विजया शर्मा, नरेंद्र थरेजा, अमरजीत कौर, दिव्या महाजन आदि पंजाबी समाज के लोगों का स्वागत करने के लिए वहाँ उपस्थित थे।



समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र यादव के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने गांव तिगरी, पुराना हैबतपुर ,कालोनी व गांव रिछपाल गढ़ी में प्रचार कर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगे। इस मौके पर विकास यादव, चरण सिंह यादव, परवीन यादव, अंकुर यादव, लखन यादव, शेखर यादव, बिनोद यादव, कालू यादव, केपी यादव ,नकुल यादव, बिनोद मुखिया, सोनिया अहीर, राहुल यादव, बीरपाल यादव, कुलदीप यादव, रविंदर यादव एड. देवेंद्र यादव, राहुल यादव आदि मौजूद रहे।

# महेश आर्य के पार्टी में आने से जनाधार बढ़ा : जनार्दन भाटी

## रालोद नेताओं ने महेश आर्या का किया स्वागत, राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार जताया

**नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा पूर्व सभापति विधान परिषद महेश आर्या का समाजवादी पार्टी छोड़कर राष्ट्रीय लोकदल पार्टी ज्वाइन करने पर उनके ग्रेटर नोएडा आवास पर जाकर गौतमबुधनगर के राष्ट्रीय लोक दल के नेताओं ने गुलदस्ता एवं पार्टी का पटका पहनकर उनका स्वागत किया।

राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष जर्नादन भाटी ने बताया कि श्री आर्य के आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। क्योंकि श्री आर्य पूर्व में विभिन्न संवैधानिक पदों पर रह चुके हैं उनका लंबा राजनीतिक अनुभव राष्ट्रीय लोक दल पार्टी को और मजबूत करेगा साथ ही साथ पार्टी से सभी जाति वर्ग से जोड़गा। पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल पार्टी मजबूत होगी और कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ेगा। इसके लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का बहुत आभार।



इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष हरवीर सिंह तालान उदयवीर सिंह राठी जोगिंदर सिंह तालान जसवीर भाटी निशांत भाटी रिंकू चौधरी विनोद प्रधान बिट्टू चौधरी, अजीत दौला आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

